www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-27 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • वीरवार 2 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • मुख्य सम्पादक : अर्शदीप सिंह समर



# 100 वर्षों की यात्रा त्याग और राष्ट्र निर्माण की मिसाल : प्रधानमंत्री मोदी







**नई दिल्ली, (एजेंसी)** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस) के शताब्दी समारोह में हिस्सा लेते हुए संघ की 100 वर्षों की यात्रा को त्याग, निस्वार्थ सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की अद्भुत मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि इस समारोह का हिस्सा बनकर वे अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आर.एस.एस. ने स्थापना के बाद से ही व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मार्ग चुना और इस पद्धति को शाखाओं के रूप में निरंतर आगे बढ़ाया। पीएम मोदी ने डॉ. हेडगेवार की विचारधारा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका मानना था कि राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हर नागरिक में राष्ट्र के प्रति दायित्व का बोध हो। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कुम्हार साधारण मिट्टी को आकार देकर ईंट बनाता है और फिर उनसे भव्य इमारत खड़ी करता है, वैसे ही डॉ. हेडगेवार



सामान्य लोगों को चुनकर उन्हें संस्कार, दृष्टि और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर असाधारण व्यक्तित्व में ढालते थे। मोदी ने कहा कि संघ की शाखाएं स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा भूमि हैं, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है और उनमें राष्ट्र सेवा का भाव व साहस निरंतर पनपता है। उन्होंने यह भी कहा कि संघ के स्वयंसेवकों के लिए त्याग और समर्पण सहज बन जाता है और उनमें श्रेय लेने की प्रतिस्पर्धा की भावना समाप्त हो जाती है। सामूहिक निर्णय और सामूहिक कार्य की यही संस्कृति, व्यक्ति निर्माण और राष्ट्र निर्माण की यही पद्धति, संघ की 100 वर्षों की यात्रा का मूल आधार रही है।

**डाक टिकट और सिक्का जारी** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आर.एस.एस के 100 साल पूरे होने पर खास प्रकार का डाक टिकट और सिक्का जारी किया है। यह सिक्का और टिकट काफी सूर्खियां बटोर रहा है। आजादी के बाद इतिहास में पहली बार संघ के लिए डाक टिकट और सिक्का जारी किया गया है। इसपर आर.एस.एस कार्यकर्ताओं की परेड करते हुए तस्वीर छपी है। यह तस्वीर 1963 परेड की है। दरअसल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान आर.एस.एस ने अहम रोल निभाया था। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आर.एस.एस से 26 जनवरी की परेड में हिस्सा लेने का अनुरोध किया था और 26 जनवरी 1963 को राजपथ (अब कर्तव्यपथ) पर आर.एस.एस के कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक परेड देखने को मिली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मारक सिक्का भी जारी किया है। इस सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय चिन्ह है और दूसरी ओर सिंह के साथ वरद-मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि है। यह स्मारक सिक्का शुद्ध चांदी का है, जिसकी कीमत 100 रुपये है। इस खास सिक्के के आगे अशोक स्तंभ का चिह्न बना है। वहीं, सिक्के के पिछले हिस्से में भारत माता की पारंपरिक छवि देखी जा सकती है। इसके साथ आर.एस.एस के कार्यकर्ताओं की छवि भी मौजूद है। इस सिक्के के ऊपर संघ का बोध वाक्य भी अंकित है- 'राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम।'

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए ब्याज-मुक्त त्योहार एडवांस की घोषणा

## » पहल का उद्देश्य लगभग 35,894 कर्मचारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना



**चंडीगढ़, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब सरकार की ओर से ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए आगामी त्योहारों को मनाने हेतु प्रत्येक कर्मचारी को 10,000 रुपये का ब्याज-मुक्त एडवांस हासिल करने की पेशकश की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य त्योहारों के मद्देनज़र लगभग 35,894 कर्मचारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा यह खुलासा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब सरकार की अपने कर्मचारियों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य में 36,065 ग्रुप डी कर्मचारी थे, जिनमें से 13,375 (लगभग 37 प्रतिशत) ने यह एडवांस लिया, जिस पर 13,37,50,000 रुपये खर्च हुए। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि यदि इस वित्तीय वर्ष में सभी योग्य ग्रुप डी कर्मचारी इस अग्रिम का लाभ लेते हैं, तो कुल अनुमानित खर्च 35.89 करोड़ रुपये होगा। उन्होंने पुष्टि की कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस उद्देश्य हेतु प्रारंभिक बजट 20 करोड़ रुपये का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता होगी, तो इस वित्तीय वर्ष के संशोधित अनुमान के माध्यम से अतिरिक्त फंड उपलब्ध कर दिए जाएंगे। दीवाली के त्योहार (20 अक्टूबर) को देखते हुए, वित्त मंत्री ने घोषणा की कि यह राशि 17 अक्टूबर तक खजाने से वितरित कर दी जाएगी। संबंधित कर्मचारियों द्वारा इस ब्याज-मुक्त एडवांस की अदायगी पांच समान मासिक किश्तों में की जाएगी, जिसकी कटौती प्रक्रिया नवंबर 2025 की तनख्वाह से शुरू होगी।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेंगलुरु अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** : कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे (83 साल) को मंगलवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बुधवार को X पर इसकी जानकारी दी। प्रियांक ने लिखा- मल्लिकार्जुन खड़गे को पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई है और उन्हें पहले से प्लानिंग के तहत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और वे बेहतर महसूस कर रहे हैं। आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। प्रियांक से पहले पार्टी सूत्रों ने बताया कि खड़गे को मंगलवार को बुखार और पैर में दर्द की शिकायत के बाद बेंगलुरु के एमएस रमैया अस्पताल ले जाया गया। वहां के डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को खड़गे से अस्पताल जाकर मुलाकात की। बाद में पत्रकारों को बताया- उन्हें थोड़ी बेचैनी हो रही थी। वे अब ठीक हैं। बात कर रहे हैं। उन्हें कल छुट्टी दे दी जाएगी।

# पंजाब देश का अगला व्यापारिक केंद्र बनेगा: मुख्यमंत्री

## » राजपुरा में बहुराष्ट्रीय कंपनी डी ह्यूज के प्लांट का किया उद्घाटन




**राजपुरा, 1 अक्टूबर:** पंजाब के मुख्यमंत्री ने आज उम्मीद जताई कि अपने औद्योगिक और व्यवसायिक अनुकूल माहौल के कारण राज्य देश का अगला व्यापारिक केंद्र बनकर उभरेगा। नीदरलैंड आधारित बहुराष्ट्रीय कंपनी डी ह्यूज के पशु फ़ीड प्लांट का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए व्यापार में सरलता के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब हमेशा से मेहनती, उद्यमी और समृद्ध विरासत वाली भूमि रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब को भारत का अन्न भंडार होने पर गर्व है क्योंकि देश के अन्न भंडार में राज्य का सबसे अधिक योगदान है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में पंजाब के औद्योगिक सफर में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिससे इस क्षेत्र में तेज़ गति देखने को मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पंजाब औद्योगिक पावरहाउस बन गया है और फ़ूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ऑटो कंपोनेंट, हैंड टूल्स, साइकिल, आई.टी., टूरिज़्म और अन्य क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका में है। उन्होंने कहा कि पंजाब की औद्योगिक प्रगति वास्तव में वैश्विक दृष्टि रखती है क्योंकि राज्य की संभावनाओं को पहचानते हुए विश्व के कई निवेशक पंजाब की ओर रुख कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब को अब तक 1.23 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 4.7 लाख नौकरियों के अवसर पैदा होने की संभावना है। इससे पंजाब औद्योगिक प्रगति और नवाचार में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व और संतोष की बात है कि नेस्ले, क्लास, फ्रेडेनबर्ग, कारगिल, वर्बियो, डैनॉन और अन्य कई विश्व प्रसिद्ध कंपनियों ने पंजाब को अपने व्यवसाय के लिए चुना और यहां अपना संचालन शुरू किया, जिससे वे राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इन अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने पंजाब की संभावनाओं और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राज्य द्वारा प्रदान किए गए अनुकूल माहौल को पहचाना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब की वैश्विक पहुँच स्पष्ट है क्योंकि जापान, अमेरिका, जर्मनी, इंग्लैंड, संयुक्त अरब अमीरात, स्विट्ज़रलैंड, फ्रांस, स्पेन और अन्य देशों से निवेश आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने पद संभालने के बाद उन्होंने निवेशक-पक्षीय माहौल सृजित किया, जिससे व्यापार के लिए आसान माहौल सुनिश्चित हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के कारण पंजाब ने 'व्यापार के लिए सरलता' के क्षेत्र में अग्रणी स्थान हासिल किया। पंजाब सरकार ने भारत का सबसे आधुनिक सिंगल विंडो सिस्टम 'फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल' लॉन्च किया है, जो व्यापार के लिए सभी सेवाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब राज्य सरकार ने प्रमुख उद्योगपतियों की भागीदारी में विभिन्न श्रेणियों के व्यवसायों के लिए नीतियां बनाने हेतु 24 सेंट्रल कमिटियां स्थापित की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि डी ह्यूज कंपनी ने पंजाब में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे युवाओं के लिए नई नौकरी के अवसर खुलेंगे और राज्य को लंबी अवधि में लाभ होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य कंपनियां भी डी ह्यूज के मार्ग पर चलते हुए पंजाब को निवेश के लिए चुनेंगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस प्लांट की क्षमता 180 किलोटन है, जिसे 240 किलोटन तक बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि कंपनी की वैश्विक स्तर पर पशुओं के फ़ीड निर्माण की कुल क्षमता 120 लाख टन है।

नीदरलैंड्स के साथ भावनात्मक साझेदारी की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में भ्रमण के दौरान उन्हें नीदरलैंड्स के शहर एम्सटर्डम जाने का मौका मिला, जो विश्व के प्रमुख शहरों में से एक है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड्स और पंजाब की संस्कृति में कई समानताएं हैं। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट से पंजाब को बड़ा लाभ मिलेगा। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि इस अत्याधुनिक प्लांट से पंजाब के डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और राज्य की औद्योगिक प्रगति को मजबूत सहारा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 3,200 सरकारी स्कूल, 19 कॉलेज, 1,400 क्लीनिक और अस्पतालों को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा 8,500 किलोमीटर सड़कें और 2,500 पुल क्षतिग्रस्त हुए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार लगभग 13,800 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ, हालांकि वास्तविक आंकड़े इससे कहीं अधिक हो सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब हमेशा हर चुनौती का सामना दृढ़ता से करता आया है और वह दिन दूर नहीं जब पंजाब अपनी ऐतिहासिक श्रेष्ठता को पुनः पूरे विश्व में प्रदर्शित करेगा।

# अमेरिका में 9 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर संकट




अमेरिका में आज से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की।

शटडाउन शुरू, अब आगे क्या होगा।

अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था। हेल्थ केयर प्रोग्राम को लेकर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई थी। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर था कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला।

# तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा पंजाब सिविल सचिवालय में 'पहिल मार्ट' का उद्घाटन




**चंडीगढ़, 1 अक्टूबर:** पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाने और पारंपरिक कारीगरी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (पी.एस.आर.एल.एम.) द्वारा आज 'पहिल मार्ट' का उद्घाटन किया गया। यह मार्ट ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं-सहायता समूहों (एस.एच.जी.) द्वारा तैयार हस्तशिल्प वस्तुएँ और जैविक उत्पादों को समर्पित एक विशेष बाज़ार है। इस मार्ट का उद्घाटन बुधवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद, पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा और ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के प्रबंधकीय सचिव अजीत बालाजी जोशी द्वारा पंजाब सिविल सचिवालय, सेक्टर 1, चंडीगढ़ में किया गया। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की कारीगरी और उद्यमिता को प्रदर्शित करने वाला यह 'पहिल मार्ट' लोगों को पंजाब की समृद्ध विरासत का अनूठा अनुभव प्रदान करता है और ग्रामीण कारीगरों की समर्पण और नवाचार को दर्शाते हुए जैविक उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करता है। इस पहल के तहत न केवल स्वयं-सहायता समूहों द्वारा तैयार वस्तुओं को सीधे बाज़ार तक पहुँचाया जाता है, बल्कि ग्रामीण समुदायों में स्वावलंबन, आर्थिक प्रगति और महिला सशक्तिकरण की लहर पैदा करने हेतु यह मंच तैयार किया गया है।

इस मार्ट पर उपलब्ध प्रमुख उत्पादों में फुलकारी, सूट, जूतियाँ, शहद, अचार, स्क्वैश, सिरका, तेल, मसाले, गेहूँ का आटा, पापड़, साबुन, मुरब्बे, मोमबत्तियाँ आदि शामिल हैं। सौंद ने मार्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्वावलंबन, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि 'पहिल मार्ट' पंजाब की ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता और उद्यमी भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह मार्ट स्वयं-सहायता समूहों को नए बाज़ारों तक पहुँचाने और सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि यह मंच अन्य महिलाओं को स्व-रोज़गार अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे सामाजिक प्रगति में वृद्धि होगी। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त शीना अग्रवाल, सी.ई.ओ. पी.एस.आर.एल.एम. वरजीत वालिया, ए.सी.ई.ओ. पी.एस.आर.एल.एम. रुपाली टंडन और महा सचिव प्रबंधन गौरी प्रसाद जोशी सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एस.एच.जी. सदस्य उपस्थित थे। सभी ने ग्रामीण महिला उद्यमियों के अद्वितीय उत्साह की सराहना की। 'पहिल मार्ट' की शुरुआत के साथ, पी.एस.आर.एल.एम. प्रदेश की ग्रामीण प्रतिभा को विकसित करने, सतत आजीविका में सहायता करने और पंजाब में महिला सशक्तिकरण संबंधी पहलों को सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

# जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा अर्बन एरिया पंचकूला में की गई बड़ी कार्यवाई



**पंचकूला 1 अक्तूबर (ब्यूरो)** । उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में डी.टी.पी. श्री संजय नारंग के नेतृत्व में जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा अर्बन एरिया पंचकूला में बड़ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में गांव बतौड़, बरवाला व गांव मानक टाबरा में अवैध कॉलोनियों में रोड नेटवर्क व डी.पी.सी. को जे.सी.बी. द्वारा धवस्त किया गया। उक्त कार्यवाही श्री डिम्पी राठी, सहायक नगर योजनाकार, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, श्री अशोक कुमार, सहायक नगर योजनाकर, पंचकूला व श्री शानू रमन, कनिष्ठ अभियन्ता, श्री अनिल, कनिष्ठ अभियन्ता, एवं भारी पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिला नगर योजनाकार श्री संजय नारंग ने बताया कि उक्त कार्यवाही करने से पहले विभाग द्वारा नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन चुककर्ताओं द्वारा इन अवैध निर्माणों/सड़कें इत्यादि को नहीं हटाया गया, जिस कारण विभाग को यह कार्यवाही करनी पड़ी। उन्होंने यह भी बताया कि निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से अनुमति लिए बिना कोई भी अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित की जाती है तो विभाग उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही जारी रखेगा। अतः आम जनता से अनुरोध किया जाता है कि इन अनाधिकृत कॉलोनियों में किसी प्रकार की खरीद-फरोक न करें तथा निर्माण करने से पूर्व विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त करें। विभाग से सी.एल.यु/लाईसेंस की अनुमति लिए बिना कोई भी निर्माण न करें।

# मोहाली विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य पूरा होने से सड़क संपर्क संबंधी समस्याएं स्वतः हल हो जाएँगी : कुलवंत सिंह

**मोहाली, 1 अक्टूबर (परदीप सिंह हैप्पी):** विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलवंत सिंह ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों - चप्पड़चिड़ी कलां से चप्पड़चिड़ी खुर्द रोड और खरड़ बनूड़ रोड से तंगौरी-कुरारा-बड़ी रोड - की मुरम्मत और उन्नयन कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 10 करोड़ रुपये की लागत से 14 प्रमुख सड़कों की मुरम्मत और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी गई है, जिनमें से तत्काल ध्यान देने योग्य दो सड़कों पर आज काम शुरू हो गया है। आज शुरू की गई सड़क परियोजनाओं में से पहली परियोजना खरड़ बनूड़ रोड को तंगौरी-कुरारा-बड़ी रोड से जोड़ती है, जिसकी कुल लंबाई 5.57 किलोमीटर और चौड़ाई 18 फीट है। इस हिस्से की आखिरी बार अक्टूबर 2016 में मुरम्मत की गई थी। अब, सड़क का निर्माण 2.06 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसमें पाँच साल के रखरखाव के लिए 27 लाख रुपये का अतिरिक्त प्रावधान है। इसमें से एक किलोमीटर का निर्माण 80 एम एम पेवर ब्लॉक से किया जाएगा, जबकि शेष भाग बजरी से बनाया जाएगा। यॉर्क बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, ज़ीरकपुर को आवंटित यह परियोजना छह महीने के भीतर पूरी हो जाएगी। दूसरी परियोजना चप्पड़चिड़ी कलां से चप्पड़चिड़ी खुर्द रोड है, जिसकी लंबाई 2.05 किलोमीटर है। पहले 18 फीट चौड़ी सड़क को अब 22 फीट चौड़ा किया जाएगा। पिछली बार मार्च 2018 में मुरम्मत की गई इस सड़क का अब 3.70 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्माण किया जा रहा है। पूरी सड़क 80 एम एम पेवर ब्लॉक का उपयोग करके बनाई जाएगी और चार महीने में पूरी हो जाएगी। इसका निर्माण कार्य श्री गणेश कंस्ट्रक्शन, मोगा को सौंपा गया है। विधायक कुलवंत सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "समग्र विकास के लिए



बेहतर सड़क संपर्क आवश्यक है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेहतर बुनियादी ढाँचा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन दोनों सड़कों पर काम शुरू होना एक बड़ी विकास योजना की शुरुआत है जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र की 14 प्रमुख सड़कों को चरणबद्ध तरीके से सुदृढ़ और उन्नत किया जाएगा।" उन्होंने आगे कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने पर इन सड़कों का उपयोग करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर होगा। महिलाओं सहित ग्रामीणों की एक सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने आश्वासन दिया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा महिलाओं के सम्मान में 1100 रुपये प्रति माह देने के वादे को जल्द ही लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार द्वारा पूरा किया जाने वाला आखिरी चुनावी वादा होगा, जो साबित करता है कि सत्ता में आने से पहले पंजाब के लोगों से किए गए हर वादे का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सड़क के नीचे पाइप बिछाने या सड़क काटने से संबंधित किसी भी कार्य को सड़क निर्माण शुरू होने से पहले पूरा करने की अपील की, क्योंकि बाद में नई बनी सड़कों को नुकसान पहुँचाने से सरकारी खजाने को भारी नुकसान होगा। इस अवसर पर करनैल सिंह (बेरी), बहादुर सिंह नंबरदार (बारी), हरमीत कौर सरपंच (बारी), मुख्तियार सिंह (सरपंच एवं ब्लॉक अध्यक्ष), गुरप्रीत सिंह (कुरारा), सतनाम सिंह सरपंच (सेखां माजरा), अवतार सिंह सरपंच (मतरां), गुरिंदर सिंह सरपंच (सरपंच), राजिंदर सिंह (सरपंच) आदि मौजूद थे। (पैटन), निर्मल सिंह (कुरारी), छज्जा सिंह पूर्व सरपंच (कुरारी), परविंदर सिंह (मत्तन), चप्परचिड़ी, मंजीत कौर सरपंच (चपरचिरी खुर्द), तरलोचन सिंह तोची सरपंच (कैलों और ब्लॉक अध्यक्ष), भूपिंदर कौर पंच और कार्यकारी इंजीनियर लोक निर्माण विभाग मोहाली शिवप्रीत सिंह उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ज़रूरतमंदों को 6 ट्रक राहत सामग्री वितरित



**मोहाली (गुरशरण सिंह)** : निकटवर्ती गाँव सोहाना के धन-धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी ने समस्त संगत के सहयोग से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ज़रूरतमंद परिवारों को 6 ट्रक राहत सामग्री वितरित की। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रबंधक समिति के प्रवक्ता ने बताया कि प्रबंधक समिति और सेवादारों ने सबसे पहले फ़िरोज़पुर ज़िले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के कई गाँवों का दौरा कर वहाँ के परिवारों की ज़रूरतों के अनुसार आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बाढ़ प्रभावितों की ज़रूरतों के अनुसार पशु चारा, मछली चारा, तिरपाल, पेयजल, राशन आदि के 6 ट्रक वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि यह दूसरी बार है जब गुरुद्वारा साहिब जी ने ज़रूरतमंद परिवारों की सुविधा के लिए यह राहत सामग्री वितरित की है।

# उपायुक्त ने अवैध निर्माण और अनाधिकृत कालोनियों पर रोक के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की आयोजित बैठक कि अध्यक्षता की

**» अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान जारी रखने के दिए निर्देश » पुनः अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित करे विभाग- उपायुक्त**

**पंचकूला, 1 अक्तूबर (ब्यूरो)** : उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने आज जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में अवैध अतिक्रमण और अनाधिकृत कालोनियों को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होने कहा कि जिला में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान जारी रखा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अवैध अतिक्रमण हटने के बाद पुनः अतिक्रमण न हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें), नगर निगम पंचकूला और नगर परिषद कालका द्वारा पेरिफेरी नियंत्रण अधिनियम एवं पंजाब अनुसूचित सड़कें और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम 1963 के तहत अपने क्षेत्रों में अवैध निर्माण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़के) के कार्यकारी अभियंताओं को नियंत्रित क्षेत्रों के बाहर शैड्यूल रोडस के साथ-साथ 30 मीटर के प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाही कर रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



बैठक में जिला नगर योजनाकार संजय नारंग ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि मई से अगस्त 2025 की अवधि के दौरान 10 डेमोलेशन ड्राईव की अनुसूची को मंजूरी दी गई, जिनमें से 7 डेमोलेशन ड्राईव सफलतापूर्वक चलाए गए। इन अभियानों के दौरान 14 अनधिकृत कॉलोनियों में सड़क नेटवर्क और डीपीसी तथा 2 अनधिकृत संरचनाओं को ध्वस्त किया गया। उन्होने बताया कि इस अवधि के दौरान, जिला पंचकूला में परिधि नियंत्रित क्षेत्र में अधिनियम 1963 की संख्या 41 के अंतर्गत 9 नए अवैध निर्माण रेवेन्यू एस्टेट ग्रिडां, कजियाना, बरवाला, मल्लाह, फतेहपुर दीवानवाला, बार, चरणियां, चिकन और ग्रिडां में और शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के संख्या 8 के अंतर्गत 7 अनधिकृत कॉलोनियाँ रेवेन्यू इस्टेट बतौड, बिटना, बतौड, प्लसारा, मौली, मानक टाबरा और मौली में पाई गई। जिनके विरुद्ध संबंधित अधिनियमों/नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा पुलिस विभाग को 13 शिकायतें एफआईआर दर्ज करने के लिए भेजी गई हैं। इस अवसर पर एसडीएम पंचकूला श्री चंद्रकांत कटारिया, एसीपी लॉ एंड ऑर्डर श्री सुरेंद्र सिंह, तहसीलदार कालका श्री विवेक गोयल, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री अनिल कंबोज, एडीएफओ श्रीमती अनीता, एनएचएआई चंडीगढ़ के सीनियर इंजीनियर श्री इंजमाम उल हक, नगर निगम पंचकूला के जेई श्री सुशील शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक कुलवंत सिंह ने मोहाली के फेज़ 7 स्थित ई.एस. आई अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा का किया उद्घाटन

**» औद्योगिक श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य ढांचे को मज़बूत करने का आश्वासन**

**» सेक्टर 66 में नया ई.एस.आई या सामान्य अस्पताल स्थापित करने का प्रयास : कुलवंत सिंह**

**मोहाली, 1 अक्टूबर: (परदीप सिंह हैप्पी)** : मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने आज मोहाली के फेज़ 7 स्थित सरकारी ई.एस.आई अस्पताल में नव स्थापित हाई-डेफिनिशन अल्ट्रासाउंड यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि इस उन्नत यूनिट की स्थापना और एक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती से औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार निवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "आम आदमी क्लीनिक लोगों को



घर-द्वार पर मुफ़्त दवाइयाँ और जाँच-पड़ताल के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने का एक सफल मॉडल है। अस्पताल के प्रभावी प्रबंधन के लिए अस्पताल के कर्मचारियों और मोहाली उद्योग संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए, कुलवंत सिंह ने कहा कि वे सेक्टर 66 में एक और बड़ी स्वास्थ्य सुविधा (ई.एस. आई अस्पताल या सिविल अस्पताल जैसी संस्था) स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे मौजूदा ज़िला अस्पताल पर बोझ कम होगा, जो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज के एक हिस्से के रूप में काम कर रहा है और जब तक कॉलेज आई.एस.बी के पीछे अपने परिसर में स्थानांतरित नहीं हो जाता, तब तक कॉलेज का ही हिस्सा रहेगा। उन्होंने आगे आश्वासन दिया कि औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य सेवा संबंधी ज़रूरतों को और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए फेज़ 7 स्थित ई.एस. आई अस्पताल को बुनियादी ज़रूरतों के लिहाज़ से मज़बूत किया जाएगा। ई.एस. आई अस्पताल की प्रभारी एस.एम.ओ डॉ. हरप्रीत कौर ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि अल्ट्रासाउंड यूनिट के संचालन से अस्पताल की एक बड़ी ज़रूरत पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पहले से ही विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर, मरीज़ों की देखभाल के लिए एक समर्पित एम्बुलेंस मौजूद है और जल्द ही एक रक्त संग्रह इकाई भी स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख उद्योगपतियों में जसबीर सिंह (अध्यक्ष, एम.आई.ए ई.एस. आई समिति), बलजीत सिंह (अध्यक्ष, मोहाली उद्योग संघ), हरिंदरपाल सिंह (पूर्व अध्यक्ष, मोहाली एमसी), राजेश विग, के.एस. महल, परमजीत सिंह सैनी, अशोक गुप्ता, ए.एस. आनंद और मार्केट कमेटी मोहाली के अध्यक्ष गोविंद मित्तल शामिल थे।

# खरीद एजेंसियों को गाडियों की संख्या में बढौतरी कर धान के उठान में तेजी लाने के निर्देश

**पंचकूला, 1 अक्तूबर (ब्यूरो)**- उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने धान के उठान को लेकर डीएफएससी व खरीद एजेंसियों को गाडियों की सख्या में बढोतरी कर उठान के कार्य में तेजी लाने व किसानों की अदायगी भी तय समय में करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लघु सचिवालय के सभागार में खरीफ 2025-26 के दौरान मंडियों में धान की खरीद को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर जिला खादय एवं आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी, मिलर, ठेकेदार, हैफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसलों की खरीद के बाद उनका भुगतान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बरवाला व रायपुररानी की मंडियों में धान की आवाक में तेजी आ रही है इसलिए उठान के कार्य में संबंधित अधिकारी व ठेकेदार गाडियों की संख्या बढाकर उठान कार्य में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि हर उठान गाडी में जीपीएस सिस्टम लगवाना सुनिश्चित करें ताकि गाडियों को ट्रैक किया जा सके और समय पर धान की फसल का उठान किया जा सके। न्होंने मंडियों में साफ सफाई व मंडी में आने वाले किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, डीएफएससी नितिश सिंगला, राईस मिलर नितिश गोयल, डीएलसी के सदस्य संजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।





# सरकार राज्य के विकास की गति को और तेज़ करेगी : इंजीनियर प्रभजोत कौर

**मोहाली, 01 अक्टूबर (परदीप सिंह हैप्पी)** भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार राज्य के विकास कार्यों को और तेज़ कर रही है। यह बात ज़िला योजना बोर्ड मोहाली की अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की ज़िला मोहाली अध्यक्ष इंजीनियर प्रभजोत कौर ने कही। इंजीनियर प्रभजोत कौर ने यह भी कहा कि वे मोहाली में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए नियमित रूप से मासिक बैठकें आयोजित करती हैं और ज़िले में चल रही परियोजनाओं के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी एकत्र की जाती है। संबंधित परियोजना में देरी के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों को नियमित निर्देश दिए जाते हैं और विकास कार्यों में तेज़ी लाई जाती है। इंजीनियर प्रभजोत कौर ने समर टीवी से विशेष बातचीत करते हुए कहा कि वह जिला योजना बोर्ड की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए हर समय उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पहले इस पद पर तैनात चेयरमैन केवल मंगलवार को ही दफ्तर आते थे, वह भी संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर करने के लिए, जबकि वह अब 5 कार्यदिवसों में और ज़रूरत पड़ने पर शनिवार और रविवार को भी दफ्तर आते हैं और आगे भी आते रहेंगे। उन्होंने बताया कि वह जिले भर में विकास कार्यों को लेकर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं और कल खरड़ और डेराबस्सी से संबंधित ब्लॉकों की मीटिंग हुई थी। और संबंधित चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई है, चेयरपर्सन जिला योजना बोर्ड मोहाली इंजीनियर प्रभजोत कौर ने समर टीवी से बात करते हुए कहा कि 2020-21 के फंड भी लंबित हैं और उन्होंने 2023 में यह जिम्मेदारी संभाली है और अब तक उन्होंने राजपुरा ब्लॉक के विकास कार्यों से संबंधित पिछले लंबित फंडों को मंजूरी दे दी है, उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों से संबंधित 20 करोड़ से अधिक की राशि लंबित है और आने वाले दिनों में वह इसे संबंधित विकास कार्यों के लिए जारी भी करवाएंगी,



इंजीनियर प्रभजोत कौर ने कहा कि पंजाब के लोगों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने स्तर पर प्रयास किए हैं और अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रंगला पंजाब अभियान के तहत समाज सेवी संगठनों और अन्य लोगों से अपील की है कि सभी लोग बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत कार्यों के लिए अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दें, इंजीनियर प्रभजोत कौर ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में जाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से बात की है। उन्होंने बताया कि विधायक कुलवंत सिंह के सहयोग से आम आदमी पार्टी ज़िला मोहाली द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बड़े पैमाने पर तिरपाल, बिस्तर, दवाइयाँ, पानी, अचार और चारा संबंधी वाहन भेजे जा रहे हैं और आने वाले समय में यह सिलसिला मोहाली ज़िले में भी जारी रहेगा। बातचीत के दौरान, अध्यक्ष मैडम प्रभजोत कौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लोग लाभ उठा सकें, इसके लिए पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि गाँव स्तर के साथ-साथ मोहाली शहर के विभिन्न वार्डों में भी बैठकें की जा रही हैं और आने वाले समय में इसे और तेज़ किया जाएगा।

## हरदीप सिंह मुंडियां ने 15 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

चंडीगढ़, 1 अक्टूबरः पंजाब के जल आपूर्ति और स्वच्छता मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज पंजाब भवन में विभाग के 15 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नव-नियुक्त उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कैबिनेट मंत्री ने उन्हें ईमानदारी, समर्पण और दृढ़ता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग में इन उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी देकर पंजाब सरकार ने अपनी ज़िम्मेदारी निभाई है और उम्मीद है कि ये सभी उम्मीदवार अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे और पंजाब के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। बता दें, पंजाब सरकार की अनुकंपा के आधार पर भर्ती नीति के तहत जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग में ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के खाली पदों पर नियुक्त किए गए इन उम्मीदवारों में 2 जूनियर नक्शा नवीस, 2 क्लर्क, 8 सेवादार, 1 सफाई सेवक और 2 हेल्पर (तकनीकी) पदों पर नियुक्त किए गए हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार अब तक 55,201 युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्त कर चुकी है। उन्होंने बताया कि जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 से अब तक 58 जूनियर इंजीनियर, 77 जूनियर नक्शा नवीस, 36 क्लर्क, 27 स्टेनोटाइपिस्ट, 19 जूनियर तकनीशियन, 75 हेल्पर (तकनीकी) और 45 सेवक भर्ती किए गए हैं। जल आपूर्ति और स्वच्छता मंत्री ने बताया कि विभाग में चल रहे प्रोजेक्टों को सुचारू ढंग से चलाने और नए प्रोजेक्टों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए विभाग में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने हेतु मान सरकार द्वारा चलाई गई भर्ती प्रक्रिया के तहत आज 15 और उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों के आने से विभाग में खाली पदों की कमी पूरी होगी, साथ ही जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग में पहले से चल रहे और नए शुरू किए जा रहे प्रोजेक्टों के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में अतिरिक्त बल मिलेगा।

## हरजोत सिंह बैंस ने अपने कार्यालय में श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व संबंधी लोगो लगाया



चंडीगढ़, 1 अक्टूबरः पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज अपने कार्यालय में हिंद की चादर नवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा हाल ही में जारी किए गए आधिकारित लोगो को लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी, भाई दयाला जी, भाई मतीदास जी और भाई सतीदास जी के 350वें शहीदी पर्व संबंधी देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इस अवसर पर एक विशेष लोगो भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि इस शहीदी पर्व से संबंधित लोगो को अगले एक वर्ष तक सरकारी कार्यालयों और आधिकारिक डाक पर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी संस्थानों में यह लोगो प्रमुखता से लगाया जाएगा और इसकी मर्यादा एवं पवित्रता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बैंस ने कहा कि उनके अधीन आने वाले सभी विभागों को इस लोगो की एच.डी. प्रिंट प्रति शीघ्र उपलब्ध करवा दी जाएगी। साथ ही उन्होंने अपने अधीन विभागों के मुखियों, सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के मुखियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कार्यालयों में इस लोगो को प्रमुखता से लगाएं।

## राजवीर जवंदा की सेहत में कोई सुधार नहीं



मोहाली, **1 अक्टूबर**: पंजाबी संगीत जगत के मशहूर गायक राजवीर जवंदा की सेहत को लेकर चिंताएं लगातार बनी हुई हैं। वे पिछले कई दिनों से मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया है। अस्पताल प्रशासन ने उनकी सेहत को लेकर ताज़ा बुलेटिन जारी करते हुए कहा है कि उनकी हालत में अभी तक कोई सुधार दर्ज नहीं किया गया है। अस्पताल की मेडिकल टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है और हर संभव उपचार किया जा रहा है। राजवीर जवंदा की नाजुक हालत की ख़बर मिलते ही उनके परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है। बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले सोशल मीडिया के माध्यम से उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं। गौरतलब है कि राजवीर जवंदा पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनके कई गाने युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हुए हैं। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद से ही पंजाबी मनोरंजन जगत के कलाकार और साथी गायक भी लगातार उनका हालचाल ले रहे हैं और उनके परिवार को समर्थन दे रहे हैं। फिलहाल अस्पताल की ओर से कहा गया है कि उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम पूरी कोशिश कर रही है कि उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ किया जा सके।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के सात महीने पूरेः 1359 किलोग्राम हेरोइन सहित 31 हजार से अधिक नशा तस्कर काबू




चंडीगढ़, 1 अक्टूबरः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर नशों के विरुद्ध छेड़े गए निर्णायक युद्ध 'युद्ध नशों विरुद्ध' के सात महीने पूरे हो गए हैं। इस दौरान पंजाब पुलिस ने 1 मार्च 2025 से अब तक 20,641 एफआईआर दर्ज कर 31,478 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 1359.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस नशा-विरोधी अभियान के दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों तहत, राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में रोज़ाना विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का भी गठन किया है। पिछले सात महीनों में 1359.5 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के अलावा, पुलिस ने 437 किलोग्राम अफीम, 248 क्विंटल भुक्की, 31 किलोग्राम चरस, 498 किलोग्राम गांजा, 7.2 किलोग्राम आईस, 37 लाख नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 12.73 करोड़ रुपये की ड्रग मनी भी जब्त की है। इस अभियान को 214वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 81 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.6 किलोग्राम हेरोइन, 1.3 किलोग्राम अफीम, 1.34 लाख नशीली गोलियाँ और 8110 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस ऑपरेशन के दौरान 79 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में 1200 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 150 से ज्यादा पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 392 स्थानों पर छापेमारी की, जिनसे 63 एफआईआर दर्ज की गईं। पुलिस टीमों ने दिनभर चले इस अभियान में 431 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। राज्य सरकार ने नशों के खात्मे के लिए तीन-पक्षीय रणनीति — एन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ई डी पी ) लागू की है। इसी कड़ी में, पंजाब पुलिस ने आज 53 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार करवाने के लिए तैयार किया है।

## अगस्त 2025 तक 2055 करोड़ रुपये से अधिक की पेंशन जारीः डॉ. बलजीत कौर



**चंडीगढ़, 1 अक्टूबर**: पंजाब सरकार द्वारा राज्य के बुज़ुर्ग नागरिकों की भलाई के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत, वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अगस्त 2025 तक 2055.05 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी।

उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 23.09 लाख बुज़ुर्ग लाभार्थियों ने योजना का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए राज्य सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लिए 4100 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा, "मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बुज़ुर्गों की भलाई के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है – 'हमारे बुज़ुर्ग हमारा मान हैं' और उनकी पेंशन में किसी भी प्रकार की देरी या रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बुज़ुर्गों की पेंशन निर्धारित समयानुसार जमा होनी चाहिए। पेंशन जारी करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे उसका पद कितना भी ऊँचा क्यों न हो। डॉ. कौर ने आगे कहा कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बुज़ुर्गों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का आधार हैं और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर एक हकदार तक यह सुविधा बिना किसी रुकावट के पहुँच सके।

## वोट चोरी के खिलाफ पंजाब में कांग्रेस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

»वरिष्ठ अकाली नेता और पूर्व मंत्री अनिल जोशी कांग्रेस में शामिल » लोग जल्द से जल्द आप सरकार से छुटकारा चाहते हैंः वड़िंग



**चंडीगढ़, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: कांग्रेस ने आज राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 'वोट चोरी' के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया, जिसके तहत 15 अक्टूबर को भारत के चुनाव आयोग को 5 करोड़ हस्ताक्षर सौंपे जाएँगे। इनमें से 15 लाख हस्ताक्षर पंजाब से जमा किए जाएँगे। इसके अलावा, वरिष्ठ अकाली दल नेता और पूर्व मंत्री अनिल जोशी और प्रसिद्ध समाजसेवी दीपक लांबा आज कांग्रेस में शामिल हुए। इस अवसर पर एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए, पार्टी महासचिव और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और अन्य नेताओं ने जोशी और लांबा का स्वागत किया व कहा कि उनके शामिल होने से कांग्रेस और मजबूत होगी। बघेल ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पुख्ता सबूतों के साथ किए गए खुलासे के बाद भाजपा पूरी तरह बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब इतनी हताश हो चुकी है कि उसके एक प्रवक्ता ने खुलेआम उन्हें (राहुल गांधी को) सीने में गोली मारने की धमकी दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पंजाब कांग्रेस वोट चोरी के खिलाफ एक राज्यस्तरीय 'यात्रा' आयोजित करेगी, जो सभी जिलों से होकर लोगों में जागरूकता पैदा करेगी। बघेल ने बताया कि आज प्रदेश कांग्रेस की एक बैठक के दौरान पार्टी ने भाजपा नेता द्वारा गांधी को दी गई धमकी की कड़ी निंदा की है और उनकी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। वहीं, जोशी और लांबा के कांग्रेस में शामिल होने के बारे में उन्होंने कहा कि इससे राज्य में अग्रणी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर बोलते हुए, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने कहा कि पार्टी 10 अक्टूबर तक पंजाब से वोट चोरी के खिलाफ कम से कम 15 लाख हस्ताक्षर करवाएगी। उन्होंने जोशी और लांबा का पार्टी में स्वागत भी किया।

उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी सरकार से मुक्ति पाने के लिए चुनावों का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, क्योंकि लोगों को एहसास हो गया है कि आप ने पंजाब को हर तरह से बर्बाद कर दिया है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने अनिल जोशी और दीपक लांबा दोनों का स्वागत करते हुए कहा कि पंजाब के लोगों में यह आम धारणा है कि केवल कांग्रेस ही राज्य को उन बुरे हालातों से मुक्त करा सकती है, जिनमें आप ने उसे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि न केवल अन्य राजनीतिक दलों के नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और विचारक भी कांग्रेस की ओर बड़ी उम्मीदों से देख रहे हैं। उन्होंने वोट चोरी का हवाला देते हुए, कहा कि अगर 2024 में निष्पक्ष चुनाव होते, तो भाजपा को 160 से ज़्यादा सीटें नहीं मिलतीं।

इस अवसर पर बोलते हुए, अनिल जोशी ने पार्टी की सेवा का अवसर देने के लिए कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद किया। जोशी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में, उनका दृढ़ विश्वास है कि केवल कांग्रेस ही पंजाब को प्रगति और विकास के पथ पर ले जा सकती है। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा, श्रीमती राजिंदर कौर भट्ठल, राणा के.पी. सिंह, डा. अमर सिंह, विजय इंदर सिंगला, डा. धर्मवीर गांधी, गुरजीत सिंह औजला, शेर सिंह घुबाया, सुखमिंदर सिंह डैनी, विक्रमजीत सिंह चौधरी, बलबीर सिंह सिद्धू, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, अरुणा चौधरी, रजिया सुल्ताना सहित सभी संगठनों के प्रमुख, सभी जिला अध्यक्ष, सभी हलका इंचार्ज और अन्य नेता भी शामिल हुए।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी शहीदी नगर कीर्तन असम से शुरू होकर कोल्हापुर से जयकारों के बीच पुणे महाराष्ट्र के लिए रवाना




**अमृतसर, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)**– नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा असम के गुरुद्वारा धोबारी साहिब से शुरू किया गया शहीदी नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा गुरु दरबार बाबा नानक कोहलापुर से पुणे महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में एक धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया। इस दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह ने संगत के साथ नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जीवन परिचय साझा किया। इस दौरान, मुख्य प्रचारक भाई जगदेव सिंह और भाई हरजीत सिंह ने भी संगत के साथ गुरु जी का इतिहास साझा किया। नगर कीर्तन के प्रस्थान के समय, गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। नगर कीर्तन के प्रति संगत में भारी उत्साह था और रास्ते में विभिन्न धर्मों के लोगों ने श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया। इस दौरान, संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की और गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के जूनियर सदस्य बलदेव सिंह कल्याण, सदस्य जसमेर सिंह लाछरू, सदस्य सचिव स्टूडियो, गांधी नगर की पंचायत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## केनरा बैंक ने श्री दरबार साहिब में एक एम्बुलेंस भेंट की




**अमृतसर, 1 अक्टूबर**: कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत, केनरा बैंक ने आज सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में संगत की सुविधा के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को एक एम्बुलेंस की चाबियाँ सौंपी। इस अवसर पर बोलते हुए, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि गुरुद्वारों के सुचारू प्रबंधन के साथ-साथ शिरोमणि कमेटी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान कर रही है। संगत और विभिन्न संस्थाएँ भी शिरोमणि कमेटी द्वारा किए जा रहे कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसी प्रकार, आज केनरा बैंक ने सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत संगत की सुविधा के लिए एक एम्बुलेंस भेंट की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विभिन्न बैंकों ने सेवाओं में योगदान दिया है। एडवोकेट धामी ने बैंक अधिकारियों का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त की कि बैंक एसजीपीसी के कार्यों में सहयोग करता रहेगा। इस दौरान, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने भी केनरा बैंक के अधिकारियों को सिरोपा और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का स्वर्णिम मॉडल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर केनरा बैंक के अध्यक्ष स. हरदीप सिंह आहलूवालिया ने कहा कि गुरु साहिब के आशीर्वाद से उनके बैंक ने संगत की सुविधा के लिए एक छोटा सा दान दिया है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी महान सेवाएं कर रही है, जिसका लाभ सीधे संगत तक पहुँचता है। उन्होंने प्राप्त सम्मान के लिए एसजीपीसी अध्यक्ष का भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर एसजीपीसी सदस्य उपस्थित थे।

## विपक्ष के नेता ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और भ्रष्ट अधिकारियों का पक्ष लिंया : बरिंदर कुमार गोयल



**चंडीगढ़, 1 अक्टूबर**: पंजाब के जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज पंजाब विधानसभा के हालिया विशेष सत्र के दौरान विभागीय तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और आश्चर्यजनक रूप से भ्रष्ट अधिकारियों का पक्ष लेने के लिए विपक्ष के नेता (एल.ओ.पी.) प्रताप सिंह बाजवा को कड़े हाथों लिया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता के ऐसे बयान सदन को गुमराह करने और विभाग द्वारा पारदर्शी व ईमानदारी से किए जा रहे कार्यों पर उंगली उठाने की भद्दी चाल हैं। गोयल ने स्पष्ट किया कि बाजवा ने 22 अगस्त, 2025 के उस पत्र का हवाला दिया था, जो विभाग के मुख्य अभियंता (विजिलेंस) द्वारा बाढ़ सुरक्षा संबंधी कुछ कार्यों का पुनर्मूल्यांकन करने बाबत मुख्य अभियंता (ड्रेनेज) को लिखा गया था। उन्होंने कहा कि यह पत्र निधियों के सुचारु उपयोग और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से मानसून शुरू होने के बाद जाँच एवं संतुलन बनाए रखने की एक आंतरिक प्रक्रिया थी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एल.ओ.पी. ने जानबूझकर इन तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। जल संसाधन मंत्री ने आगे कहा कि विपक्ष द्वारा बताया गया पत्र केवल 35 कार्यों से संबंधित था, जो मानसून शुरू होते समय प्रगति पर थे, जबकि विभाग द्वारा मानसून आने से पहले ही 924 कार्य पूरे किए जा चुके थे। विपक्ष के नेता ने यह ज़िक्र तक नहीं किया कि ये 35 कार्य कुल परियोजनाओं का केवल 3.8 फ़ीसदी हैं। उन्होंने कहा कि इससे साफ़ हो जाता है कि विपक्ष के नेता का इरादा तथ्यों को छुपाकर जनता को गुमराह करना था। विपक्ष के एक और आरोप का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि विपक्ष के नेता ने ग़लत दावा किया है कि विभाग के 8,000 कर्मचारियों को चार्जशीट किया गया है, जबकि वास्तविक आँकड़ा 16,000 से अधिक कर्मचारियों में से केवल 750 से भी कम है। श्री गोयल ने कहा कि ये चार्जशीटें भ्रष्टाचार, ग़लत रवैये और ड्यूटी में लापरवाही के मामलों में जारी की गई हैं, जिनमें से कुछ मामलों की सिफारिश विजिलेंस ब्यूरो द्वारा गुरिंदर सिंह ठेकेदार मामले में भी की गई थी। ड्यूटी में लापरवाही के तथ्य पेश करते हुए श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि अमृतसर के एक अधिकारी को किसी ठेकेदार का पक्ष लेने और टेंडर भरने के लिए अपने ही लैपटॉप का इस्तेमाल करने पर डिमोट किया गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य अधिकारी ने अपने तबादले के बाद भी ग़ैर-क़ानूनी तरीके से टेंडर पास किए थे। इसी तरह खनन विभाग में तैनात गुरदासपुर का एक अधिकारी 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया, जिसके बाद उसे बर्ख़ास्त कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि कुछ अधिकारी ठेकेदारों पर रिश्वत देने का दबाव डालते थे, वहीं कुछ अधिकारी नियमों के अनुसार रॉयल्टी वसूलने में जानबूझकर नाकाम रहे, जिससे सरकारी ख़ज़ाने को बड़ा नुक़सान पहुँचा।

# सड़क हादसों में पंजाब में लुधियाना तीसरे नंबर पर, रोजाना दो से तीन लोग गवा रहे जान

## हर मौत कोई आंकड़ा नहीं, बल्कि एक बिखरा हुआ परिवार है : डॉ. कमलजीत सोई



**लुधियाना (अशवनी पाहवा)।** उद्योगिक नगरी लुधियाना की सड़कें खूनी होती जा रही है। NCRB रिपोर्ट 2023 ने पंजाब की सड़कों का सच सामने ला दिया है। रिपोर्ट के अनुसार लुधियाना देश की तीसरी सबसे जानलेवा सिटी बन गई है। यह आंकड़ा आगरा और आसनसोल के बाद तीसरे नंबर का है, जोकि चुनका देने वाला है। आंकड़ो के मुताबिक पंजाब में कुल 6276 सड़क हादसे हुए जिनमें से 4906 मौतें हुई। इस आंकड़े के अनुसार 80% लोगो के सड़क हादसे में मरने का दावा किया जा रहा है। वही लुधियाना में कुल 504 सड़क हादसे हुए जिनमें से 402 मौतें हुई है। इन हादसों में औसतन बात की जाए तो लगभग 80% लोगो के सड़क हादसे में मौत बताई जा रही है।

**हाई स्पीड और सड़कों पर बने खड्डे जिम्मेदार**

जानकारों के मुताबिक ज्यादातर सड़क हादसे वाहनों की हाई स्पीड के कारण हुए,चाहे सड़को पर प्रशासन द्वारा सड़कों पर ओवर स्पीड के नाके लगाए जाते हैं, लेकिन कुछ वाहन चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते और हादसों का कारण बनते हैं। इसके अलावा सड़कों पर बने खड्डे भी हादसों का कारण होना माना जा रहा है। बात चाहे हाईवे की हो या फिर लिंक रोड की अक्सर खड्डे कहीं ना कहीं हादसों को न्योता देते हैं। पंजाब में हर 10 हादसों में से 8 मौतें होती हैं। अंतरराष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ एवं प्रवक्ता भाजपा पंजाब डॉ. कमलजीत सोई ने बताया कि सरकार को चाहिए कि पंजाब में रोड सेफ़्टी इमरजेंसी घोषित की जाने चाहिए, स्पीड कैमरे, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कड़ा एक्शन होना चाहिए, ब्लैक स्पॉट में सुधार होना चाहिए, हादसे में घायल मरीज को 60 मिनट के भीतर अस्पताल में ट्रॉमा केयर मिले और ट्रांसपोर्ट व पुलिस विभाग के अफसर सीधे जिम्मेदार ठहराए जाएं।

# गवर्नमेंट कॉलेज में मनाए गए "मेला धीआं दा" में भगवंत मान की पत्नी ने डाला गिद्दा

**लुधियाना (सुनील)** : सरकारी कॉलेज में बुधवार को मेला धीआं दा समागम का आयोजन किया गया। समागम में मुख्य अतिथि के तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी गुरप्रीत कौर पहुंची। उनके पहुंचने पर वहां पर कॉलेज की ही छात्राओं ने कई तरह के नाटक पेश किया जबकि गिद्दा भी डाला गया। गिद्दा डालते हुए भगवंत मान की धर्मपत्नी गुरप्रीत कौर खुद को रोक नहीं पाई और वह भी कॉलेज की छात्राओं के साथ गिद्दा डालते हुए दिखाई दी। इस मौके पर भगवंत मान की धर्मपत्नी गुरप्रीत कौर ने बताया कि गिद्दा पंजाब का मशहूर नृत्य है।

उन्होंने बताया कि पंजाब ही नहीं पूरे भारत की हर युवती और महिला गिद्दा डालना अपना मान समझती है। उन्होंने



बताया कि कॉलेज की छात्राओं को गिद्दा डालते हुए देखकर उनको अपना बचपन और कॉलेज का समय याद आया। ऐसे में वह खुद को रोक नहीं पाई और उन्होंने कॉलेज की छात्राओं के साथ खूब मनोरंजन किया और गिद्दा डाला। इस मौके पर गुरप्रीत कौर ने बताया कि मेला धीआं दा प्रोग्राम का आयोजन करना सरकारी कॉलेज की तरफ से बड़ा कदम है।

देखने को मिल रहा है कि पंजाब की छात्राएं पढ़ने लिखने के साथ अपने कलचर को भी संभाले हुए हैं। उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट कॉलेज में जिन छात्राओं ने प्रतियोगिता और गिद्दा में हिस्सा लिया उनका मनोबल देखने लायक था। इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल ने भी बताया कि पंजाब की पहली महिला भगवंत मान की पत्नी गुरप्रीत कौर ने उनके कॉलेज में आकर शोभा बढ़ाई। वहीं उन्होंने बताया कि छात्राओं के साथ गुरप्रीत कौर ने भी काफी मनोरंजन किया जिससे कॉलेज की छात्रों का मनोबल और भी बड़ा। वही प्रिंसिपल ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ऐसी प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी जिससे पंजाब का कलचर छात्राओं को देखने को मिले और वह इस कलचर को संभाल कर रखें।

# भारत नगर चौक का हीरो साइकिल ने किया सौंदर्यकरण, 10 फुट का लगाया साइकिल

**लुधियाना (ब्यूरो)**: पिछले लंबे समय से गंदगी से पनप रहे भारत नगर चौक का अब हीरो साइकिल ग्रुप ने सौंदर्य करण किया है। हीरो साइकिल ग्रुप की तरफ से इस चौक के सौंदर्य करण के लिए वहां पर करीब 10 फुट का एक साइकिल बनाकर लगाया गया है। यह साइकिल देखने में काफी सुंदर है और आकर्षित भी। इसके अलावा हीरो साइकिल ग्रुप ने चौक की बाउंड्री को तिरंगे का रंग देकर और भी खूबसूरत बनाया है फुलस्टॉप फिलहाल यह है चौक देखने में काफी सुंदर है जो कि अब लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है। बताया जा रहा है कि हीरो साइकिल की तरफ से कुछ दिन पहले ही जिला प्रशासन से इस चौक को अडॉप्ट किया गया था और इसके सौंदर्य करण का जिम्मा उठाया था।

- इससे पहले भी कई चौकों का प्राइवेट कंपनियों ने किया सौंदर्यकरण

यह पहली बार नहीं हुआ कि किसी कंपनी ने लुधियाना के चौकों का सौंदर्यकरण किया हो। इससे पहले फववारा वाला चौक को मोंटे कारलो कंपनी ने अडॉप्ट किया था। उक्त चौक का सौंदर्यकरण भी देखने लायक है जो भी आकर्षण का




केंद्र है। इसके अलावा और भी कई चौक ऐसे हैं जिनका सौंदर्यकारण कंपनियों ने किया हो। उसी की तर्ज पर अब भारत नगर चौक का सौंदर्य करण करने के लिए हीरो साइकिल ग्रुप ने जिम्मा उठाया और इसको बखूबी से निभाया भी जा रहा है।

- आखिर क्यों किया जाता अडॉप्ट

देखने को आता है कि जिला प्रशासन या नगर निगम के पास फंड की कमी होती है जिस कारण चौकों का सौंदर्य करण नहीं किया जाता। ऐसे में जिला प्रशासन और निगम अधिकारियों द्वारा प्राइवेट कंपनियां को पेशकश की जाती है कि वह उक्त चौक का सौंदर्यकरण करें। चौक का सौंदर्य करण करने की एवज में जिम्मा उठाने वाली कंपनी अपनी मशहूरी भी करती है। जिस चौक को किसी प्राइवेट कंपनी द्वारा सौंदर्य करण किया जाता है। वहां पर उक्त कंपनी अपनी कंपनी का नाम बड़े अक्षरों में भी अंकित करती है। बताया जाता है कि धीरे-धीरे उक्त चौक का नाम भी लोगों में सौंदर्यकरण करने वाली प्राइवेट कंपनी के नाम से ही जाना जाने लग जाता है।

-एलिवेटेडपुलबननेकेबादसेबंजरथाचौक

फिरोजपुर रोड स्थित एलिवेटेड पुल का निर्माण जब से शुरू हुआ तब से भारत नगर चौक बंजर बना चुका था। पुल बने को भी तकरीबन 3 साल हो गए लेकिन भारत नगर चौक का सौंदर्यकरण नहीं किया जा सका। कई बार निगम अधिकारियों और जिला प्रशासन के लोगों ने भी सौंदर्यकरण किए जाने की बात कही लेकिन कागजों में ही सीमित रह गई। अब हीरो साइकिल ग्रुप ने इसका जिम्मा उठाया और सौंदर्यकरण कर दिखाया।

- चौक में लगेंगा रेड लाइन सिग्नल

भारत नगर चौक के सौंदर्य करण के साथ-साथ निगम अधिकारियों द्वारा यहां पर रेड लाइट सिगनल लगाने का भी काम शुरू किया गया है।

भारत नगर चौक में बस स्टैंड, कचहरी, माल रोड और जगराओं पुल की तरफ से आने व जाने वाली सड़कों पर रेड लाइट सिगनल लगेंगे। इसके पीछे का कारण बताया जा रहा है कि इस चौक के डिजाइन में कुछ तकनीकी खराबी के कारण यहां पर रेड लाइट सिगनल ना लगे होने के चलते कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में निगम अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की मांग के आधार पर रेड लाइट सिगनल को लगा दिया है जो भी आने वाले दिनों में शुरू हो जाएगा।



आज बुधवार को महानगर लुधियाना की सड़कों पर लगा जाम।

# त्योहारों को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**लुधियाना (ब्यूरो)**: त्योहारों के सीजन को लेकर कमिश्नरेट पुलिस की द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है। इसी के चलते लुधियाना पुलिस ने बुधवार शाम को महानगर के अलग-अलग इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। इस फ्लैग मार्च के दौरान शक्की पाए जाने वाले लोगों की चेकिंग की गई और पुलिस की मुस्तैदी का प्रमाण दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के सीजन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके चलते उन लोगों पर अपनी निगाह रखी जा रही है जो कि संदिग्ध है।

- रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी लगातार की जा रही चेकिंग

त्योहारों के सीजन में अक्सर ही शरारती और आपराधिक गतिविधियों वाले लोग एक्टिव रहते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे में महानगर के रेलवे स्टेशन और अलग-अलग बस स्टैंड पर भी औचक चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान यात्रियों के समान को गहनता से जांचा जाता है जबकि वहां पर संदिग्ध पाए जाने वाले लोगों की भी जांच की जाती है। वही पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों को भी चाहिए कि वह किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या फिर सामान को देख सूचना तुरंत पुलिस को दें।

- डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते से भी तैनात

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के सीजन में चेकिंग के लिए डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को भी सतर्क रहने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीमों द्वारा डॉग्स स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ भी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर लगातार जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि भीड़ भाड़ वाले इलाकों में भी उनकी टीम द्वारा डॉग स्क्वायड और बामनिरोधक दस्ते की मदद से जांच की जा रही है।

# त्योहारों सीजन के चलते पुलिस ने ज्वेलरी दुकानों में चलाया सुरक्षा अभियान







**लुधियाना (अशवनी पाहवा)।** त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए लुधियाना पुलिस की ओर से शहर की ज्वेलरी दुकानों में विशेष सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के निर्देशों पर की गई। जहा एडीसीपी-1 समीर वर्मा,एसीपी सेंट्रल अनिल भनोट और एसएचओ डिवीजन नं. 04 ने विभिन्न बाजारों का दौरा कर दुकानदारों को सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने, दुकानों में सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से चालू रखने, आपातकालीन संपर्क नंबर आसानी से उपलब्ध स्थान पर रखने और आसपास पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

वही पुलिस ने दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान विशेषकर भीड़-भाड़ वाले बाजारों में चौकसी बढ़ाई जाएगी, ताकि लोग बेख़ौफ़ होकर त्योहार मना सके और उन्होंने लोगो से अपील की कि अगर शहर में किसी को भी कोई संदिग्ध दिखाई देता है तो वह पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने दुकानदारों से वादा किया कि उनके इलाकों में पुलिस की गशत बढ़ाई जाएगी और वही सिविल ड्रेस में भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

# त्योहारों के चलते महानगर की सड़कों पर थमे वाहनों के पहिये, लोग परेशान

**लुधियाना (सुनील शिंगार/ अशवनी पाहवा)**। इन दिनों लुधियाना की सड़कों पर वाहनों के चक्के थम चुके है। कारण है कि त्योहारों के चलते हर तरफ लगा हुआ जाम। यह जाम महानगर की सड़कों पर दोपहर से ही शुरू हो जाता है और देर शाम तक रहता है। जाम लगने के कारण जहां लोगों को भारी भरकम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं पुलिस प्रशासन के लिए जाम सिरदर्दी बना हुआ। बता दें कि करीब 12 दिन पहले लुधियाना पुलिस कमिश्नर की और से त्योहारों के सीजन के चलते लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए क्विक रिस्पांस टीम की 44 गाड़ियों व बाइक सड़कों पर उतरे थे। दवाखाना की जहां पर भी जाम की सूचना मिलेगी यह क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंचेगी। फिलहाल इस क्विक रिस्पांस टीम द्वारा शहर वासियों को जाम से निजात दिलवाने में कोई अहम भूमिका निभाते हुए नहीं देखा जा रहा।

- पुराने शहर के बाजारों का हाल बुरा

वैसे तो पूरा शहर ही ट्रैफिक जैसी स्थिति से परेशान है लेकिन ज्यादा हाल महानगर के पुराने शहर का है। इस पुराने शहर में चौड़ा बाजार, प्रताप बाजार, दरेसी का इलाका, मीना बाजार, केसर गंज मंडी, किताब





बाजार, सुभानी बिल्डिंग, फील्ड गंज, डिविजन नंबर 3 के इलाके आते हैं। इन बाजारों में सबसे बड़ी समस्या है कि दिनभर जाम रहने के कारण वहां पहुंचने वाले खरीददार परेशान रहते हैं। बाजारों में लोग गलत ढंग से दो पहिया और चार पहिया वाहनों को पार्क कर जाम की स्थिति बनाए रहते हैं जिनको रोकने वाला कोई भी नहीं रहता। वही इन सड़कों पर कई बार एम्बुलेंस भी जाम में फंसी हुई रहती है।

- भारी वाहन नो एंट्री के वक्त भी शहर के अंदरूनी इलाकों में ले जाने पर नहीं पाबंदी

अक्सर देखने को मिलता है कि माल की ढुलाई के लिए भारी वाहन इन तंग बाजारों में दिन के समय में भी घुस जाते हैं। नियमों के अनुसार इन भारी वाहनों के दिन के समय तंग बाजारों में घुसने की पाबंदी है। बावजूद भारी वाहन चालक इन नियमों को मानने को तैयार नहीं और अपनी मनमर्जी करते हुए देखे जाते हैं।

इन्हीं भारी वाहन चालकों की मनमर्जी के कारण तंग बाजारों में दिन भर ट्रैफिक का आलम बना रहता है। बता दे की सुबह 8 बजे से लेकर शाम के 8 बजे तक यानि दिन के 12 घंटे भारी वाहनों की शहर के अंदरूनी इलाकों में नो एंट्री होती है।

- 33 पीसीआर और 44 गाड़ियां= रिजल्ट 0

मौजूदा समय में लुधियाना कमिश्नरेट के अंदर 33 दो पहिया पीसीआर दस्ते चलते हैं जबकि 44 चार पहिया गाड़ियां ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने और लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए तैनात हैं। कुल 77 गाड़ियों में तैनात इसे दो गुना ज्यादा पुलिस कर्मचारी भी दिन भर लगने वाले ट्रैफिक को रोकने में नाकामयाब है। वैसे तो पुलिस कमिश्नर साहब ने दावा किया था कि त्योहारों के दिनों में इन पीसीआर दस्ते के कर्मचारी शहर में ट्रैफिक नहीं लगने देंगे। अगर कहीं ट्रैफिक लगता है तो वह सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करवाएंगे। फिलहाल मौजूदा समय में पैसा कुछ भी नहीं है और लोग परेशान हैं।

# 4 से 13 अक्टूबर तक पीएयू में चलेगा सारस मेला 2025, भंगड़ा से फोटोग्राफी तक रहेंगे मुकाबले

**(अशवनी पाहवा) लुधियाना।** पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी.ए.यू.) में 4 से 13 अक्टूबर तक सारस मेला 2025 आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने बुधवार को प्रतियोगिताओं और वर्कशॉप्स का शेड्यूल जारी किया। जिसमे इन दिनों दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। इसमें 4 अक्टूबर को भंगड़ा-गिद्धा, 5 को पेंटिंग, 6 को पग बांधना, 7 को मिट्टी कला, 8 को बोतल पेंटिंग, 9 को मेहंदी, 10 को रंगोली, 11 को ओरिगामी, 12 को फेस पेंटिंग और 13 अक्टूबर को फोटोग्राफी प्रतियोगिता होगी। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने बताया कि यह मेला संस्कृति और प्रतिभा का उत्सव है। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं का



चयन विशेषज्ञ पैनल करेगा और आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करें। वही उन्होंने बताया कि इस मेले में रोजाना स्टार नाईट का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमे अलग अलग सिंगर शामिल होंगे। प्रोग्राम की शुरुआत गुरदास मान जी के द्वारा की जाएगी। उनके इलावा सतिंदर सरताज, दिलप्रीत ढिल्लों, रंजीत बावा, कुलविंदर बिल्ला, जोश व गिप्पी ग्रेवाल शामिल होंगे।

# दशहरे 2025 : यमुनानगर में रावण दहन जो सबको हैरान कर देगा



**यमुनानगर (ब्यूरो)**। इस साल दशहरा पर्व को लेकर यमुनानगर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहरवासियों को 75 फुट ऊंचा रावण दहन देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही मेघनाथ और कुंभकरण के 65 फुट ऊंचे पुतले भी तैयार किए गए हैं। विशाल पुतलों को देखने के लिए लोगों में भारी उत्सुकता है। करीब 40 दिनों से कारीगर इन पुतलों को बनाने में जुटे थे। दिन-रात मेहनत के बाद अब पुतले अंतिम रूप ले चुके हैं। रावण को सजाने-संवारने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है और कारीगर अंतिम टच देकर इन्हें मैदान में स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। पुतलों की सजावट के लिए सहारनपुर से विशेष कागज और कपड़ा मंगवाया गया है, जिससे ये और आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों को बनाने में 4 लाख रुपये से अधिक की लागत आई है। कारीगर महिंदर मनचंदा ने बताया कि उनका परिवार पिछले 40 सालों से दशानन, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले बनाने का पुश्तैनी काम कर रहा है। विधि-विधान से पुतले तैयार किए जाते हैं, उनकी पूजा की जाती है, और ढोल के साथ इन्हें मैदान तक ले जाकर दहन किया जाता है। इस बार इन पुतलों में करीब 2 लाख रुपये की आतिशबाजी भी लगाई गई है। दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम ने असत्य और अहंकार के प्रतीक रावण का वध किया था। इसी परंपरा को जीवंत करते हुए हर साल पुतले दहन कर समाज को संदेश दिया जाता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी हो, अंत में अच्छाई ही जीतती है। इस बार यमुनानगर में दशहरे का उत्सव और भी खास रहेगा। विशाल पुतलों के दहन के साथ रंगीन आतिशबाजी और रोशनी पूरे मैदान को जगमगा देंगे। हजारों लोग इस दृश्य का साक्षी बनेंगे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई उत्साह से इस पर्व का आनंद लेने के लिए तैयार है।

# मंत्री मनोहर लाल बड़ा ऐलान: वृद्धावस्था पेंशन में नई सुविधा



**करनाल (ब्यूरो)**। केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने करनाल में एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि कैंसर को देश से समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता और संकल्प है। वहीं, सेवा पखवाड़े के तहत कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें टीबी मरीजों को गोद लेना, पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर और टीबी मरीजों की जांच शामिल हैं। मंत्री मनोहर लाल ने यह भी घोषणा की कि 1 नवंबर से 'पंडित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपए दिए जाएंगे, और सरकार आने वाले समय में बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर 3,200 रुपए प्रतिमाह करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी वे जनता के साथ साझा कर रहे हैं और इसकी औपचारिक घोषणा मुख्यमंत्री करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के जिलास्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने भारतीय क्रिकेट टीम की पाकिस्तान पर जीत पर भी खुशी व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी। इसके अलावा, भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सतिया वाला मंदिर, मॉडल टाउन में 'वोकल फॉर लोकल' और स्थानीय मेले का आयोजन किया गया। मंत्री मनोहर लाल ने दुकानदारों और जनता से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

# हरियाणा सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को दिए करोड़ों रुपये मुआवजा

**हरियाणा (ब्यूरो)**। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस वार्ता में राज्यवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए बाढ़ प्रभावितों और किसानों के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित 2386 लोगों को 4 करोड़ 72 लाख 6 हजार रुपये का मुआवजा सीधे खातों में ट्रांसफर किया गया है। इसमें 2371 घरों के नुकसान के लिए 4 करोड़ 67 लाख रुपये और 13 पशुओं की हानि के लिए मुआवजा शामिल है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खराब फसलों के लिए प्रति एकड़ 15 हजार रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा।

**किसानों के लिए बड़ी घोषणाएं ट्यूबवेल बिजली बिल स्थगित** : जुलाई 2025 तक बकाया बिजली बिल अब दिसंबर 2025 तक स्थगित कर दिए गए हैं। किसान इन्हें जनवरी 2026 से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भर सकेंगे।

इससे लगभग 7.10 लाख किसानों को राहत मिलेगी। फसली ऋण वसूली स्थगित : जिन गांवों में 50% से अधिक फसलें नष्ट हुई हैं, वहां सहकारी समितियों से लिए गए खरीफ ऋण की वसूली रोकी जाएगी। साथ ही बी फसल के लिए नए ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका लाभ लगभग 3 लाख किसानों को मिलेगा। धान और बाजरे की खरीद राज्य में 22 सितंबर से धान की खरीद शुरू की गई।

30 सितंबर तक 5 लाख मीट्रिक टन धान की आवक

हुई, जिसमें से 3.58 लाख मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। किसानों के खातों में लगभग 109 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। बाजरे की खरीद 23 सितंबर से शुरू हुई। अब तक 187.30 मीट्रिक टन बाजरा सरकारी संस्थाओं और 4970 मीट्रिक टन व्यापारियों ने खरीदा। किसानों को MSP 2775 रुपये प्रति क्विंटल की अदायगी सुनिश्चित की जाएगी। यदि व्यापारियों ने कम भाव पर खरीदा तो सरकार अंतर की राशि किसानों को देगी।

पंचायतों और नई योजनाओं को बढ़ावा पंचायती राज संस्थाओं को 404 करोड़ 79 लाख रुपये की दूसरी किस्त जारी की गई, जिससे 5719 पंचायतें, 144 पंचायत समितियां और 3 जिला परिषदें लाभान्वित होंगी। पिछले चार सालों में पंचायती राज संस्थाओं को 3700 करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए दिए गए। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' और 'लाडो लक्ष्मी ऐप' लॉन्च किया गया। 6 दिनों में 1.71 लाख से अधिक बेटियों ने पंजीकरण कराया। पहली किस्त 1 नवंबर को बैंक खातों में भेजी जाएगी। अंत में, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों और बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। साथ ही एक टोल-फ्री नंबर 18001802231 और हेल्पलाइन नंबर 01724880500 भी जारी किया गया है।

# सोनीपत पार्क में अजीब संदेश, जानिए क्या है पूरा मामला




**सोनीपत (ब्यूरो)**। हरियाणा के सोनीपत में मुरथल रोड स्थित श्री राम पार्क में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला मामला सामने आया है। पार्क के झूलों पर "आई लव मोहम्मद", अरबी में "786" और "लव जिहाद" जैसे स्लोगन लिखे जाने की जानकारी पुलिस को मिली। सुबह पार्क में घूमने आए स्थानीय निवासियों ने यह देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोनीपत मेयर राजीव जैन भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने कहा कि त्यौहारी सीजन के बीच किसी शरारती तत्व ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने के लिए यह कार्य किया है। उन्होंने अपनी शिकायत पुलिस को सौंप दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुँच गया और सोनीपत सेक्टर 27 थाना ने मामले की जांच शुरू कर दी। मेयर राजीव जैन ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा यह कदम धार्मिक असंतोष फैलाने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने पुलिस को मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले में आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने के साथ-साथ पार्क में सुरक्षा बढ़ाने की भी तैयारी कर रही है।

# करनाल फैक्ट्री में आग, फायर ब्रिगेड ने राहत कार्य किया तेज



**करनाल (ब्यूरो)**। करनाल के तरावड़ी क्षेत्र में नड़ाना रोड पर स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में जोरदार आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। फैक्ट्री में प्लास्टिक के पाईप और अन्य सामग्री का उत्पादन होता है, जिससे आग तेजी से फैली और बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। तरावड़ी थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि आग फैक्ट्री की पहली मंजिल पर बने गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने कहा कि आग फैलने के बावजूद फिलहाल कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। नुकसान की पूरी जानकारी फैक्ट्री मालिक देंगे।

दमकल विभाग की टीम लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है, जिससे उत्पादन और आर्थिक हानि को कम किया जा सके।

# केंद्रीय मंत्री नायडू ने गुरुग्राम में पायलट ट्रेनिंग सेंटर का किया उद्घाटन




**गुरुग्राम (ब्यूरो)**। एयर इंडिया और एयरबस ने गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया एविएशन ट्रेनिंग अकादमी में एडवांस पायलट ट्रेनिंग केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र में 5,000 से अधिक नए पायलटों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

केंद्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने मंगलवार को इस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में एयरबस के वाणिज्यिक विमान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिश्चियन शेरर, एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कैंपबेल विल्सन, तथा टाटा समूह, एयर इंडिया और एयरबस के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रेनिंग सेंटर की विशेषताएं यह सेंटर 12,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। इसमें 10 पूर्ण उड़ान सिम्युलेटर, एडवांस क्लासरूम और ब्रीफिंग कक्ष शामिल हैं। ट्रेनिंग केंद्र एयरबस A320 और A350 विमान परिवार के पायलटों के लिए डिज़ाइन किया गया है। पाठ्यक्रम को उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, "एयर इंडिया के एविएशन ट्रेनिंग अकादमी में एयर इंडिया-एयरबस पायलट ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन करना सम्मान की बात है। यह अवसर एयरबस बोर्ड के चेयरमैन रेने ओबरमैन और एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन के साथ साझा कर पाना गर्व की बात है।"

# पलवल से पकड़ा पाक जासूस, ISI को भेजता था खुफिया जानकारी



**पलवल (ब्यूरो)**। हरियाणा पुलिस ने पलवल जिले के आलीमेव गांव निवासी तौफीक को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। तौफीक पिछले तीन सालों से वॉट्सऐप मैसेज और कॉलिंग के जरिए भारत की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

**ISI से सीधा संपर्क** जांच में सामने आया है कि तौफीक पाकिस्तान एम्बेसी के अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में था। वह भारत से जुटाई गई खुफिया जानकारी दानिश को देता था, जिसे बाद में आईएसआई तक पहुंचाया जाता था। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल से 12 पाकिस्तानी नंबर भी बरामद किए हैं।

**BSF जवान की जानकारी भी भेजी** क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने हथीन के एक बीएसएफ जवान और पलवल के एक व्यक्ति की निजी जानकारी भी पाकिस्तान भेजी थी। हालांकि इन लोगों की पहचान फिलहाल उजागर नहीं की गई है।

**2022 में गया था पाकिस्तान** तौफीक वर्ष 2022 में रिश्तेदारों से मिलने पाकिस्तान गया था। वहीं उसकी मुलाकात पाकिस्तान एम्बेसी के अधिकारी दानिश से हुई। इसके बाद से वह लगातार संपर्क में रहा और दिल्ली जाकर भी उससे मिलता रहा।

**कागजात बनवाने के नाम पर करता था धंधा** तौफीक हथीन लघु सचिवालय में पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज बनवाने का काम करता था। वह पाकिस्तान में रिश्तेदारों से मिलने जाने वाले लोगों को वीजा दिलवाने के लिए एम्बेसी अधिकारियों से संपर्क कराता और इसके एवज में उनसे 15-20 हजार रुपये तक वसूलता था।

**फोन डेटा रिकवर करने की कोशिश** पुलिस को आरोपी के फोन से डिलीट की गई कई संदिग्ध चैट मिली हैं, जिन्हें साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से रिकवर किया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि इससे जासूसी नेटवर्क के और चेहरे सामने आ सकते हैं।

# कांग्रेस नेता के करीबी पर हमला, शादी में लगी गोली



**पानीपत (ब्यूरो)**। कांग्रेस नेता और जिला परिषद पार्षद अनिल मलिक के चचेरे भाई दिनेश पर सींक गांव में एक शादी समारोह के दौरान सांप्रदायिक रंजिश के चलते फायरिंग की गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने कई राउंड गोली चलाए, जिसमें दिनेश की छाती और ठोड़ी में गंभीर चोटें आईं। घायल दिनेश को तुरंत पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। स्थानीय पूछताछ में सामने आया कि शादी समारोह के दौरान पहले कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई। आरोपियों में सींक गांव के मोहित, बागखेड़ा के रिंकू उर्फ टीनू और पांच अन्य शामिल हैं, जिन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया।

# कैथल में अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़, 900 किलो जब्त



**कैथल (ब्यूरो)**। जिले के पूंडरी कस्बे में अवैध रूप से पटाखा स्टोर करने और फैक्टरी चलाने के मामले में पुलिस ने फैक्टरी संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूंडरी थाना के जांच अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि फैक्टरी से 900 किलोग्राम से अधिक पटाखे जब्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने भी फैक्टरी को तत्काल बंद करवा दिया। जानकारी के अनुसार, चीमा कॉलोनी में 40 फुटा रोड के पास एक बिल्डिंग में गुप्त रूप से पटाखा फैक्टरी चल रही थी। कार्रवाई का विवरण मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार दिनेश सिंह के नेतृत्व में दबिश दी। फैक्टरी संचालक मौके से पहले ही फरार हो गए। तलाशी के दौरान 130 पेटियों की गिनती फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई और सभी सामान जब्त कर लिया गया। पुलिस और प्रशासन ने कहा कि मामले की सख्त जांच और कानूनी कार्रवाई की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# सरकारी स्कूल से पढ़कर DSP बनने तक का सफरी : अंजू यादव की मेहनत की कहानी



**राजस्थान (ब्यूरो)**। कभी खेतों में खेलती मासूम बच्ची, कभी घर की जिम्मेदारियों में उलझी युवा महिला और आज राजस्थान पुलिस की चमकदार वर्दी में DSP यह कहानी है अंजू यादव की, जिन्होंने जिंदगी की हर चुनौती को अपनी सफलता की सीढ़ी बनाया।

**किसान परिवार से निकलकर राजस्थान पुलिस सेवा तक** हरियाणा के नारनौल जिले के छोटे से गांव धौलेड़ा में 1988 में जन्मी अंजू यादव किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता लालाराम खेती और परचून की दुकान से परिवार चलाते थे, जबकि मां गृहिणी थीं। चार बेटियों के पालन-पोषण के बावजूद माता-पिता ने कभी उन्हें बेटों से कम नहीं समझा। यही परवरिश उनके आत्मविश्वास और संघर्ष का आधार बनी।

**कम उम्र में जिम्मेदारियां और हिम्मत** बहुत कम उम्र में शादी और 24 साल की उम्र में मां बनने के बाद अंजू की जिंदगी जिम्मेदारियों से भर गई। ससुराल से पर्याप्त सहयोग न मिलने पर वे मायके लौट आईं और बेटे मुकुलदीप की परवरिश की जिम्मेदारी संभाली। इस दौर में अधिकांश लोग अपने सपनों को छोड़ देते, लेकिन अंजू ने हार नहीं मानी और खुद को साबित करने की ठानी।

**सरकारी स्कूल से करियर की शुरुआत** अंजू ने गांव के सरकारी स्कूल से 12वीं तक पढ़ाई की और बाद में डिस्टेंस मोड से ग्रेजुएशन किया। महंगी कोचिंग या बड़े स्कूल नहीं, केवल हौसला और मेहनत उनका साथ थे। उन्होंने शिक्षक के रूप में करियर शुरू किया और मेहनत से तीन बार सरकारी टीचर की नौकरी हासिल की। 2016 में मध्यप्रदेश के भिंड में जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ाया और बाद में राजस्थान व दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया। दिल्ली में करीब पांच साल तक पढ़ाने के साथ-साथ बेटे की परवरिश और नौकरी संभाली।

जिंदगी का सबसे कठिन मोड़ 2021 में पति नित्यानंद का निधन हो गया। अकेले बेटे और बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच यह समय बेहद कठिन था, लेकिन अंजू ने इस दुख को अपनी ताकत बनाया। उसी साल राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) की परीक्षा दी और विधवा कोटे से 1725वीं रैंक हासिल की।

**सितंबर 2025 में DSP बनीं** अंजू लगातार मेहनत और संघर्ष के बाद सितंबर 2025 में उनकी पासिंग परेड हुई और वे राजस्थान पुलिस सेवा में DSP बनीं। वर्दी पहनकर उन्होंने साबित कर दिया कि असली जीत मुश्किल हालातों का सामना करने से ही मिलती है।

# मानसून में क्या खाएं, क्या नहीं? जानिए फूड से जुड़ी जरूरी सावधानियां

▶ पायल मोहिंद्रा

बारिश के मौसम में नमी बढ़ जाती है, जिससे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से फैलते हैं। यही कारण है कि मानसून में कई मौसमी बीमारियां जैसे डायरिया, फूड पॉइजनिंग और टायफाइड का खतरा बढ़ जाता है।
इस मौसम में कुछ खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो जाते हैं या शरीर के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। खासतौर पर सड़क किनारे मिलने वाले कटे-फ्रूट्स, तला-भुना खाना या लंबे समय तक रखा हुआ भोजन संक्रमण का कारण बन सकता है। इसलिए स्वस्थ रखने के लिए यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में किन चीजों से बचना चाहिए और कौन-सी खाने की आदतें अपनानी चाहिए।

**तो चलिए बात करते हैं कि मानसून में किन चीजों को खाने से बचना चाहिए? साथ ही जानेंगे कि- इस मौसम में कौन-सी सब्जियां खाना सुरक्षित है?**



### मानसून में फूड इन्फेक्शन का खतरा क्यों बढ़ जाता है?
बारिश के मौसम में कटे हुए फल, पत्तेदार सब्जियां, दूध और दही जैसी चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं। खुले में रखे खाद्य पदार्थों पर बैक्टीरिया और फंगस तेजी से जमा हो सकते हैं। सड़क किनारे मिलने वाले चाट, पकौड़े और कटे-फ्रूट्स जैसे फूड आइटम्स गंदगी और बारिश के पानी के संपर्क में आकर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। इस वजह से मानसून में फूड से जुड़ी सावधानियां बेहद जरूरी हो जाती है।

### मानसून में किन सब्जियों से परहेज करना चाहिए?
बारिश के मौसम में कुछ सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं और इनमें बैक्टीरिया या फंगस पनप सकता है। ऐसी सब्जियां खाने से पेट दर्द, गैस, दस्त या इन्फेक्शन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। कौन-सी सब्जियां इस मौसम में खाने से बचनी चाहिए, ये आप नीचे दिए गए ग्राफिक में देख सकते हैं।

### मानसून में सब्जियों के अलावा किन चीजों को खाने से बचना चाहिए?
मानसून में पाचन तंत्र थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में भारी, तला-भुना खाना या जल्दी खराब होने वाली चीजें खाना नुकसानदायक हो सकता है। इस मौसम में दूध से बनी मिठाइयां, कटे हुए फल, स्ट्रीट फूड और लंबे समय से फ्रिज में रखी चीजों से परहेज करना चाहिए क्योंकि इनमें जल्दी बैक्टीरिया या फंगस पनप सकता है।

### मानसून में कौन-सी सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं?
बारिश के मौसम में हल्की और जल्दी पचने वाली सब्जियां खाना बेहतर होता है। ऐसी सब्जियां न केवल पाचन में आसान होती हैं, बल्कि इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करती हैं। लो-ऑयल में पकी हुई लौकी, तोरई, परवल जैसी सब्जियां मानसून में सुरक्षित और पौष्टिक मानी जाती हैं। इन्हें ताजा और अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करना जरूरी है।

### मानसून में सब्जियों को बैक्टीरिया से बचाने के लिए क्या सावधानियां जरूरी हैं?
बारिश के मौसम में सब्जियों को साफ पानी से अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें। कटने के बाद तुरंत पकाएं और ज्यादा समय तक खुला न छोड़ें। खराब दिखने वाली या सड़ी-गली सब्जियां बिल्कुल न खाएं। सब्जियों को सूखी और हवादार जगह पर स्टोर करें ताकि फफूंदी या बैक्टीरिया न पनपें।

### खरीदते समय अच्छे से चेक करें
सब्जियां खरीदते वक्त ध्यान दें कि वो ताजा हों, उन पर दाग-धब्बे या सड़न न हो। बहुत ज्यादा नरम या गीली सब्जियां न लें क्योंकि उनमें फफूंदी लगने का खतरा ज्यादा होता है।
अच्छे से धोएं
सब्जियों को घर लाकर बहते पानी में अच्छे से धोएं। धोई हुई सब्जियों को सीधे फ्रिज में न रखें। पहले किसी सूती कपड़े पर फैला कर थोड़ा सूखा लें, ताकि उनमें नमी न रहे।
हाथ और बर्तन साफ रखें
सब्जी काटने से पहले हाथ अच्छे से धो लें। चाकू और चॉपिंग बोर्ड भी साफ रखें। गंदे हाथ या बर्तन से बैक्टीरिया सब्जी में आ सकते हैं।
ज्यादा स्टोर न करें
हर बार ज्यादा सब्जी खरीदने की जगह थोड़ा-थोड़ा खरीदें और 2-3 दिन में इस्तेमाल कर लें। पुरानी सब्जी जल्दी खराब होती है।

### बारिश में किचन हाइजीन को लेकर किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
मानसून में किचन में बैक्टीरिया, फंगस और कीड़े-मकोड़े जल्दी पनपते हैं। खाना भी जल्दी खराब हो जाता है। ऐसे में किचन को साफ और बैक्टीरिया फ्री रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसेकि-

: रोज किचन के प्लेटफॉर्म, गैस स्टोव और सिंक को अच्छे से साफ करें। गीले कपड़े की बजाय ड्राई कपड़ा या डिसइंफेक्टेंट से पोछें, ताकि नमी न रहे।

: डस्टबिन को रोज खाली करें और उसे ढंककर रखें। ज्यादा देर तक कचरा रखने से उसमें से बदबू और कीड़े-मकोड़े निकल सकते हैं।

:चावल, दाल, मसाले जैसी चीजों को एयरटाइट कंटेनर में रखें। नमी से इनमें फंगस लग सकता है या कीड़े पड़ सकते हैं।

:हफ्ते में एक बार फ्रिज की सफाई करें। फ्रिज में ज्यादा नमी न हो, इसलिए सब्जियों और बाकी चीजों को अच्छे से सुखाकर रखें।

:बरसात में चींटियां, कॉकरोच और मक्खियां किचन में जल्दी आ जाते हैं। ऐसे में कीटनाशक (जैसे नैप्थलीन बॉल्स या हर्बल स्प्रे) का इस्तेमाल करें। लेकिन इन्हें खाने की चीजों से दूर रखें।

### मानसून में खाएं ये 6 सब्जियां
इम्यूनिटी बढ़ाए, इन्फेक्शन से बचाए
लौकी - ये हल्की और सुपाच्य होती है। बॉडी में पानी की कमी नहीं होने देती है।
करेला- करेला इम्यूनिटी मजबूत करता है। शुगर लेवल कंट्रोल में रखता है।
तुरई - फाइबर से भरपूर और सुपाच्य है। पेट को ठंडक देती है।
कद्दू - विटामिन A और C से भरपूर होता है। एनर्जी देता है और स्वादिष्ट होता है।
परवल- परवल पेट को ठंडक देता है। डाइजेशन और इम्यूनिटी दोनों में मदद करता है।
चना, राजमा, लोबिया - प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होते हैं। मानसून में एनर्जी देते और इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।



# बरसात में इम्यूनिटी कैसे बढ़ाएं ? आयुर्वेद से जानिए असरदार उपाय

▶ जसप्रीत कौर

बारिश का मौसम अपने साथ सुकून और ठंडक तो लाता है, लेकिन साथ ही कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। हवा में बढ़ी नमी के कारण बैक्टीरिया और फंगस तेजी से पनपते हैं, जिससे सर्दी-जुकाम, खांसी, पेट दर्द और स्किन इन्फेक्शन जैसी दिक्कतें आम हो जाती हैं। ऐसे में इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी है।
आयुर्वेद के अनुसार, हमारे किचन में ही ऐसी कई देशी जड़ी-बूटियां और मसाले मौजूद हैं, जो मानसून में शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें आप अपनी चाय, काढ़े, पानी या रोजाना के खाने में शामिल करके सेहतमंद रह सकते हैं।

तो चलिए, 'जरूरत की खबर' में जानते हैं मानसून में कौन-कौन सी हर्ब्स आपके शरीर को मजबूत बनाने में मदद करती हैं? साथ ही बात करेंगे कि-

**मानसून में इम्यूनिटी क्यों घटती है?**

**देशी हर्ब्स को डेली रूटीन में कैसे शामिल करें?**

### मानसून में इम्यूनिटी क्यों कमजोर हो जाती है?

मानसून के दौरान नमी और तापमान में बदलाव के कारण वातावरण में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस की संख्या बढ़ जाती है। इससे पाचन कमजोर होता है और शरीर की इम्यूनिटी कम होने लगती है। यही वजह है कि इस मौसम में सर्दी-जुकाम, बुखार, स्किन प्रॉब्लम्स और पेट के इन्फेक्शन तेजी से फैलते हैं। कमजोर इम्यूनिटी वालों पर इनका असर जल्दी होता है।

### मानसून में कौन सी हर्ब्स आपकी सेहत को मजबूत कर सकती हैं?
आयुर्वेद में कई जड़ी-बूटियों को इम्यूनिटी बूस्टर माना गया है। ये एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, और एंटी-इन्फ्लेमेटरी होती हैं। इन्हें आप काढ़ा, चाय या भोजन में शामिल कर सकते हैं।

### क्या एक साथ कई हर्ब्स का सेवन करना सही है?
डाइटीशियन शिल्पी गोयल बताती हैं कि एक साथ बहुत सारी हर्ब्स लेने से शरीर पर उल्टा असर हो सकता है। बेहतर है कि शरीर की दिनभर में 2-3 हर्ब्स को शामिल करें। जैसे सुबह तुलसी-अदरक की चाय, दोपहर में हल्दी वाला खाना और रात में गिलोय काढ़ा। हर्ब्स को रोटेशन में लेना ज्यादा फायदेमंद होता है।



### इन हर्ब्स को डेली रूटीन में कैसे शामिल करें?
ये हर्ब्स आपकी रसोई में मौजूद होती हैं और इनका इस्तेमाल आसान भी है। सुबह एक कप तुलसी-अदरक की चाय लें। दोपहर के खाने में हल्दी और पुदीना शामिल करें। शाम को लेमनग्रास या दालचीनी वाली चाय पी सकते हैं। रात को हल्दी वाला दूध या गिलोय का काढ़ा भी फायदेमंद है। कोशिश करें कि प्रोसेस्ड फूड की जगह ये नेचुरल हर्ब्स आपकी डाइट का हिस्सा बनें।

### इम्यूनिटी बढ़ाने वाली हर्ब्स का असर दिखने में कितना समय लगता है?
इन हर्ब्स का असर धीरे-धीरे दिखता है। अगर आप इन्हें रोजाना संतुलित मात्रा में लेते हैं, तो 2 से 4 हफ्तों में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहतर महसूस होने लगती है। हालांकि, यह आपकी उम्र, लाइफस्टाइल और डाइट पर भी निर्भर करता है। हर्ब्स कोई जादू नहीं हैं, बल्कि एक नेचुरल सपोर्ट हैं जिन्हें नियमित रूप से लेने पर असर दिखता है।

### काढ़ा कब और कितनी मात्रा में पीना चाहिए?
काढ़ा दिन में एक बार, सुबह या शाम को हल्का गर्म पीना सबसे अच्छा रहता है। ज्यादा तीखा या बार-बार पीने से गैस, जलन या एसिडिटी हो सकती है। हमेशा सीमित मात्रा में लें।

### क्या बच्चे भी ये देशी हर्ब्स ले सकते हैं?
हां, लेकिन बहुत कम मात्रा में। बच्चों को गुनगुनी तुलसी-अदरक की हल्की चाय या थोड़ा-सा हल्दी वाला दूध दिया जा सकता है। बेहतर होगा डॉक्टर की सलाह लेकर ही दें।

### किन लोगों को इन हर्ब्स के सेवन में सावधानी बरतनी चाहिए?
प्रेग्नेंट महिलाएं, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और जो लोग पहले से कोई दवा ले रहे हैं, उन्हें इन हर्ब्स को रेगुलर लेने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। कुछ हर्ब्स का अत्यधिक सेवन एलर्जी, गैस या पेट की तकलीफ दे सकता है।

### क्या सिर्फ हर्ब्स लेने से इम्यूनिटी बढ़ जाती है?
नहीं, हर्ब्स केवल एक हिस्सा हैं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अच्छी नींद, साफ-सफाई, संतुलित डाइट और रोज थोड़ी शारीरिक एक्टिविटी भी जरूरी है। हर्ब्स तभी असर करेंगी जब बाकी आदतें भी सही हों।

### क्या ये देशी हर्ब्स नियमित दवाओं की जगह ले सकती हैं?
नहीं, ये हर्ब्स केवल आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक हैं, लेकिन ये डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं का विकल्प नहीं बन सकतीं। अगर आप किसी बीमारी के लिए दवा ले रहे हैं तो हर्ब्स को इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। बिना सलाह दवाएं बंद करना या बदलना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।



### क्या इन देशी हर्ब्स के सेवन से कोई साइड इफेक्ट हो सकते हैं?
हां, अगर इन देशी हर्ब्स का अधिक मात्रा में या बिना सलाह के सेवन किया जाए तो कुछ लोगों को साइड इफेक्ट हो सकते हैं। खासतौर पर प्रेग्नेंट महिलाएं, बुजुर्ग, छोटे बच्चे और पहले से किसी दवा का सेवन कर रहे लोग इनका इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही करें। हर शरीर की जरूरत और प्रतिक्रिया अलग होती है, इसलिए मात्रा और समय का ध्यान रखना जरूरी है।

## रास्ता ढूंढो




## दोनों तस्वीरों में 6 अंतर ढूंढे





## चुटकुले
## हंस हंस हो जाओगे लोटपोट

एक आदमी अपनी पत्नी को जबरदस्ती साथ लेकर कुम्भ के मेले में गया,
और अकेले में जाकर भगवान से प्रार्थना करने लगा।
हे प्रभु न्याय करो...
हे प्रभु न्याय करो...
हमेशा भाई-भाई को बिछड़ते देखा है कुम्भ में..
कभी पति-पत्नी पर भी तो Try करो।

---

सास बहू से बोली : कितनी बार कहा है तुझे घर से बाहर जाओ तो बिन्दी लगाकर जाया करो।
आधुनिक बहू : लेकिन माँ जी जीन्स पर बिन्दी कौन लगाता है?
सास : तो मैंने कब कहा जीन्स पर लगा, माथे पर लगा चुड़ैल, माथे पर।

---

एक आदमी अपने दोस्त से बोला- यार, परसों मेरी बीवी कुँए में गिर गई थी,
उसे बहुत चोट लगी और बहुत चिल्ला भी रही थी।
दोस्त- अब कैसी बेचारी है?
आदमी- अब ठीक है, कल से कुँए से आवाज नही आई।

---

पति 'लौंडियाबाज बाबा' नाम से मशहूर बाबा से पत्नी को वश मे करने के लिए एक ताबीज लिया।
एक महीने बाद...
पतिः लौंडियाबाज बाबा की जय हो,
बाबा, पत्नी पर तो कोई असर नही हुआ, पर पड़ोसन वश मे आ गई,
लौंडियाबाज बाबाः चल इफेक्ट न सही, साइड इफेक्ट तो हुआ।

---

आज का ज्ञान...
किसी लड़की की उम्र सोचने से बेहतर है उसे आंटी बोल दो,
जवाब में वह तुम्हें खुद बता देगी,
O Hello, मैं अभी 22 साल की हूं।

संपादकः अर्शदीप सिंह। श्रीमती जोगिंदर कौर, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 27

## यात्रियों को बड़ी राहत

# एचआरटीसी ने वोल्वो बसों के किराए में 10% की कमी की



**धर्मशाला, (राहुल)** : हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए वोल्वो बसों के किराए में दस फीसदी की कमी करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था आज से लागू होगी। अब मैक्लोडगंज से दिल्ली रूट का किराया 1619 रुपये से घटकर 1461 रुपये रह जाएगा। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने मैक्लोडगंज से दिल्ली के लिए वोल्वो बस सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कदम यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। वर्मा ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष आपदा के चलते निगम को करीब सौ करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इसके बावजूद यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने और राहत देने के प्रयास लगातार जारी हैं,उन्होंने बताया कि अब धर्मशाला में भी वोल्वो सेल स्थापित कर दिया गया है। इससे पहले वोल्वो का संचालन केवल शिमला और कुल्लू से होता था। उन्होंने कहा कि धर्मशाला वोल्वो सेल में ब्रेकडाउन शून्य है, जिससे यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिलेगी।

## नूरपुर पुलिस की कार्रवाई

# रैहन से 64.32 ग्राम चिट्टा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर, (संजीव)** :- पुलिस थाना रैहन की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने डीएवी स्कूल के पास नाका लगाकर एक संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर वाहन से 64.32 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। आरोपी की पहचान रवि कुमार पुत्र किशोर चंद, निवासी झाजवा-फतेहपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने कहा कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में नशा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।



# शिमला में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर साइकिल रैली और राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**शिमला, 1 अक्टूबर (ब्यूरो):** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शिमला के रिज मैदान में समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा साइकिल रैली, स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी और राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना और उनका ख्याल रखना सरकार का प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि सरकार सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है और स्वास्थ्य क्षेत्र की मजबूती के लिए 3 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसके तहत IGMC में दिल्ली AIMS जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती आबादी और उनकी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर भी मंथन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टाफ की कमी को धीरे-धीरे दूर किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने रोहड़ू में 12 साल के बच्चे की आत्महत्या मामले पर SC कमीशन हिमाचल द्वारा संज्ञान लेने और परिवार के सदस्यों को बुलाने की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य सचिव की शीघ्र नियुक्ति की भी बात कही।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने

# GST बदलाव पर निकला रोड मार्च

### » बिहार में NDA की जीत की जताई उम्मीद

**ऊना, हिमाचल प्रदेश (ब्यूरो)**: पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने GST में हालिया बदलाव से व्यापारियों और आम जनता को हुए लाभ का हवाला देते हुए लोगों को GST उत्सव कार्यक्रम में बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान ठाकुर ने ऊना शहर के बाजार में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारियों से मुलाकात की और रोड मार्च निकालकर दुकानों पर अभिवादन स्टिकर भी लगाए। ठाकुर ने कहा कि वन नेशन-वन GST देश के लिए बड़ी उपलब्धि है और टैक्स स्लैब में बदलाव से जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि हिमाचल की सुक्खू सरकार ने GST टैक्स स्लैब में बदलाव के पहले ही सीमेंट, डीजल और पेट्रोल जैसी वस्तुओं पर अतिरिक्त टैक्स बढ़ाकर जनता को त्रस्त किया। बिहार चुनाव पर दावाः इस दौरान अनुराग ठाकुर ने बिहार चुनाव में चर्चित SIR मॉडल के सफल होने का दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में NDA की जीत संभव है।



## HRTC ने वोल्वो बसों के किराए में 10% कटौती

# धर्मशाला में शुरू हुई नई सेवा



**धर्मशाला, (राहुल चावला)** : हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने यात्रियों को राहत देते हुए वोल्वो बसों के किराए में 10 फीसदी की कमी करने का निर्णय लिया है। यह नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। अब मैक्लोडगंज-Delhi रूट का किराया 1619 से घटकर 1461 रह जाएगा। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह कदम यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आपदा के चलते निगम को करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, इसके बावजूद यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जारी रखा गया। वर्मा ने यह भी बताया कि अब धर्मशाला में भी वोल्वो सेल स्थापित कर दिया गया है। इससे पहले वोल्वो बस सेवा केवल शिमला और कुल्लू से संचालित होती थी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला वोल्वो सेल में ब्रेकडाउन शून्य है, जिससे यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिलेगी।

# दुर्गम क्षेत्रों तक बीएसएनएल ने पहुंचाया नेटवर्क...25वीं वर्षगांठ पर मंडी में निकाली रैली




**मंडी, (धर्मवीर)** : जिला मंडी के ऐसे कई दुर्गम इलाकों में, जहां अब तक किसी भी मोबाइल कंपनी का नेटवर्क उपलब्ध नहीं था, अब बीएसएनएल ने यूएसओ (यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन) के माध्यम से मोबाइल सिग्नल पहुंचा दिए हैं। यह जानकारी बीएसएनएल के डीजीएम अनिल महंत ने कंपनी की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रैली के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में दी।

**5जी सुविधा जल्द शुरू होने का दावा**

डीजीएम महंत ने बताया कि इस पहल से जहां विद्यार्थियों को पढ़ाई में बड़ी सुविधा मिल रही है, वहीं आम लोगों को भी बेहतर संचार सेवाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल की स्थापना 1 अक्तूबर 2000 को हुई थी और तभी से यह संगठन देशवासियों को किफायती दरों पर संचार सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में 92 हजार नए 4जी टावर राष्ट्र को समर्पित किए हैं। सभी टावर स्वदेशी तकनीक से निर्मित हैं और इन्हें इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि भविष्य में बिना किसी बाधा के इन्हें 5जी तकनीक में परिवर्तित किया जा सके। महंत ने आश्वासन दिया कि बीएसएनएल जल्द ही इन टावरों के माध्यम से अपनी 5जी सेवा भी शुरू करेगा।इस अवसर पर मंडी शहर में बीएसएनएल द्वारा रैली भी निकाली गई, जिसमें लोगों से बीएसएनएल सेवाओं को अपनाने का आह्वान किया गया।

# शिवनगरी बैजनाथ में नहीं मनाया जाता दशहरा, उत्सव मनाने पर चढ़ जाती है बली



**कांगड़ा (धर्मशाला), (ब्यूरो)**: कांगड़ा जिले का प्राचीन नगर बैजनाथ अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहाँ दशहरा उत्सव नहीं मनाया जाता। स्थानीय मान्यता के अनुसार, बैजनाथ का प्राचीन शिव मंदिर (बैद्यनाथ धाम) भगवान शिव को समर्पित है, और इस पवित्र भूमि पर रावण वध का उत्सव आयोजित करना उचित नहीं माना जाता। मंदिर के पुजारी सुरेंद्र आचार्य ने बताया कि बैजनाथ रावण की तपोस्थली मानी जाती है। वर्षों पहले कुछ व्यक्तियों ने रावण का पुतला जलाने का प्रयास किया था, लेकिन तीनों अलग-अलग वर्षों में मृत्यु के शिकार हो गए। इसके बाद कोई पुतला दहन करने का साहस नहीं कर पाया। स्थानीय निवासी उमेश शर्मा ने कहा कि रावण भगवान शिव का परम भक्त और चार वेदों का ज्ञाता था, इसलिए दशहरा नहीं मनाया जाता। हर्षित अवस्थी ने बताया कि बैजनाथ में आज तक किसी भी सुनार की दुकान नहीं है। जो लोग कभी दुकान खोलने की कोशिश करते हैं, उन्हें अनहोनी का सामना करना पड़ता है। बैजनाथ में दशहरा न मनाने की परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है और यह जगह अपने शिवभक्ति और धार्मिक विश्वास के कारण अन्य नगरों से अलग पहचान बनाए हुए है। यह परंपरा स्थानीय संस्कृति और आस्था के संरक्षण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का भूकंप, 69 की मौत



**फिलीपींस, 1 अक्टूबर** : फिलीपींस के सेबू प्रांत में रात को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी वजह से 69 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 150 घायल है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया है। रेस्क्यू टीमें मंगलवार रात से ही बचाव अभियान चला रही हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने पहले इसे 7.0 तीव्रता का बताया था, लेकिन बाद में कम करके 6.9 कर दिया। भूकंप का केंद्र सेबू आइलैंड के बोगो शहर के पास था। इस शहर की आबादी 90 हजार है। पहले झटके के बाद इलाके में 5 या उससे अधिक तीव्रता के चार और झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

## बांग्लादेश में भारतीय छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला



**बांग्लादेश, 1 अक्टूबर**: बांग्लादेश की ढाका में भारत की मेडिकल छात्रा निदा खान (19 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद रविवार तड़के उसका शव हॉस्टल के कमरे में फांसी से लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा है। भारतीय दूतावास को भी इस बारे में जानकारी दी गई है ताकि शव को भारत भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक, नकल करते पकड़े जाने के बाद निदा शनिवार देर रात कमरे में लौटी थीं। जब देर रात 2 बजे तक निदा ने फोन का जवाब नहीं दिया, तो साथ पढ़ने वालों ने प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद मास्टर चाबी से दरवाजा खोला गया, जहां वह पर लटकी मिलीं।

# नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी ए.सी.सी. दफ्तर में जमा कराई



**दिल्ली, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी ऑफिस में जमा करा दी है। रविवार, 28 सितंबर को हुए एशिया कप फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। इसके बाद एसीसी के किसी अन्य अधिकारी से टीम को ट्रॉफी देने की जगह नकवी इसे अपने साथ होटल ले गए थे। वे इस बात पे अड़ गए थे कि भारतीय टीम को वही ट्रॉफी देंगे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को एसीसी की सालाना बैठक हुई। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी ने जमा कराई है। अब यह ट्रॉफी भारत को कैसे दी जाएगी इस पर फैसला बाकी है।

# टी-20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## 14 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा पॉइंट्स वाले बल्लेबाज




**दिल्ली, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा ने टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। अभिषेक टी-20 रैंकिंग के 14 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स लाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के डेविड मलान के पांच साल से जारी रिकॉर्ड को तोड़ा है। आईसीसी ने टी-20 रैंकिंग की शुरुआत 2011 में की थी। एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद अभिषेक के 931 रेटिंग पॉइंट्स हो गए थे। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भी बल्लेबाज के रेटिंग पॉइंट्स का अब तक का सबसे बड़ा नंबर है। पिछला रिकॉर्ड मलान के नाम था। मलान ने 2020 में 919 पॉइंट्स हासिल किए थे। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में अभिषेक 6 रन ही बना पाए थे। लिहाजा उनके पांच पॉइंट्स कम हुए। बुधवार को जारी रैंकिंग में वे 926 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर, टॉप-10 में तीन भारतीय इस समय टॉप-10 टी-20 बल्लेबाजों में तीन भारतीय शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में नाबाद 69 रन बनाने वाले तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर हैं। उनके 819 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव (698 पॉइंट्स) आठवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर चौथे स्थान पर हैं। एशिया कप में भारत के खिलाफ सेंचुरी जमाने वाले श्रीलंका के पथुम निशांका पांचवें नंबर पर हैं।

# लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा की तोड़फोड़



**लंदन, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा की तोड़फोड़ किए जाने का समाचार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंदन के टैविस्टॉक स्कवेयर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को नुक्सान पहुंचा गया और उसके आसन पर आपत्तिजनक शब्द लिखे गए। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करे हुए कहा कि यह केवल तोड़फोड़ की घटना नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले अहिंसा के विचार व महात्मा गांधी की विरासत पर हिंसक हमला है। मिशन ने बताया कि इस मामले की सूचना स्थानीय अधिकारियों को दे दी गई है और प्रतिमा को ठीक करवाने के लिए टीम मौके पर मौजूद है। लंदन पुलिस व स्थानीय कैमडेन कौंसिल द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## सिनेर चाइना ओपन के फाइनल में, गाफ क्वार्टर फाइनल में



**बीजिंग,1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने एलेक्स डि मिनौर को हराकर चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सिनेर ने 6-4, 3-6, 6-2 से जीत दर्ज करके हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में लगातार नौवे फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना दानिल मेदवेदेव या लर्नर टियेन से होगा। महिला वर्ग में अमरीका की कोको गाफ ने बेलिंडा बेंचिच को 4-6, 7-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता गाफ का बेंचिच के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 4-2 का हो गया है।

# जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, सभी प्रारूपों में शतक लगाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने




**जिम्बाब्वे,1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: तंजानिया के खिलाफ अपने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक के साथ जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए। दाएं हाथ के इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जहां उनकी टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी तंजानिया पर 113 रनों से जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच हुए मैच की बात करें तो तंजानिया के कप्तान कासिम नासाओरो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 221 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे के लिए इस पारी में रन बनाने वाले खिलाड़ी बेनेट (60 गेंदों पर 111 रन), तदिवानाशे मारुमानी (34 गेंदों पर 49 रन), रयान बर्ल (11 गेंदों पर 22 रन) और सिकंदर रज़ा (नौ गेंदों पर 19 रन) थे। तंजानिया के लिए खालिद जुमा (4 ओवर में 2/39), एली किमोटे (4 ओवर में 2/42) और लक्ष्य बक्रानिया (2 ओवर में 1/35) ने अपने-अपने गेंदबाजी स्पेल में विकेट लिए। 222 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए तंजानिया क्रिकेट टीम मैच में 18.4 ओवर बल्लेबाजी करते हुए केवल 108 रनों पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में टीम के लिए रन बनाने वाले खिलाड़ी अभिक पटवा (22 गेंदों पर 32 रन), कासिम नासोरो (27 गेंदों पर 25 रन) और शिवराज सेल्वाराज (18 गेंदों पर 20 रन) थे। जिम्बाब्वे की ओर से, गेंदबाजों में ब्रैड इवांस (4 ओवर में 4/16), रिचर्ड नगारवा (3 ओवर में 2/13), सिकंदर रज़ा (20 ओवर में 2/6), टिनोटेंडा मापोसा (3 ओवर में 1/17) और रयान बर्ल (2.4 ओवर में 1/24) शामिल थे।

# कैथरीन डेब्रनर ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की



**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (ब्यूरो)**: विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी 54 और 800 मीटर टी 53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16.81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं। गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गई। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सकर्ल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची (ट्यूनीशिया) से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए। गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे, लेकिन पाँचवें राउंड में स्विरिडोव के आगे निकलने के बाद, ट्यूनीशियाई एथलीट ने अपने छठे प्रयास में 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर काउंटबैक में बढ़त बना ली और रूस में जन्मे दो बार के पैरालंपिक खेलों के चैंपियन पर अपनी पहली जीत दर्ज की। -आखिरकार, लोहे की गेंद को उठाने के लिए लंबे इंतज़ार के बाद, 35 वर्षीय स्विरिडोव ने उसे काफी दूर तक फेंका। उन्होंने साँस रोककर और अपने हाथों को सिर के पीछे बाँधकर माप आने का इंतज़ार किया। जब यह घोषणा की गई कि उन्होंने 17.01 मीटर की दूरी तय कर ली है, तो उन्होंने राहत की सांस ली। ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ने आगे बढ़कर स्विरिडोव को गले लगाया और उनकी सराहना की। 2023 और 2024 में स्विरिडोव की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले गुएनिची, रूसी मूल के इस एथलीट की वैश्विक प्रतियोगिताओं में पकड़ ढीली करना चाहते थे। उन्हें 2019 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में भी हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन उन्होंने स्विरिडोव के अदम्य साहस की सराहना करने में सहजता दिखाई।

